# हाईवे किनारे स्थित 100 प्रतिष्ठानों को नोटिस

## सड़क हादसे रोकने की कवायद, लेनी होगी एक्सेस परमीशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर-अलीगढ़ हाईवे के किनारे बिना एक्सेस परमीशन संचालित हो रहे पेट्रोल पंप, स्कूल, फैक्ट्री, कारखानों व अस्पतालों के खिलाफ एनएचएआई ने एक्शन लिया है। एनएचएआई ने एक्सेस परमीशन न लेने पर कानपुर नगर में 40 व कन्नौज में 60 प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी की है। एनएचएआई ने नोटिस की जानकारी मंडलायुक्त को दी है। अब हाईवे किनारे अवैध रास्तों को बंद किया जाएगा। यह एक्शन हाईवे पर होने वाले हादसों की रोकथाम के लिए लिया गया है।

कानपुर-अलीगढ़ हाईवे किनारे स्थित फैक्ट्रियों, पेट्रोल पंप, स्कूल, ढाबे, अस्पताल आदि के वाहनों के हाईवे पर आने-जाने के लिए कोई रास्ता नहीं दिया गया है। इनके वाहन सीधे हाईवे पर आ जाते हैं, जबकि नियम यह है कि हाईवे से कुछ जगह छोड़कर कट या सर्विस लेन से ही वाहन हाईवे पर जाएं। एकाएक वाहन सीधे हाईवे पर आने से अक्सर हादसे होते हैं। मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने हाईवे किनारे सभी अवैध कटों को बंद कर प्रतिष्ठानों को एक्सेस परमीशन लेने के निर्देश दिए थे। एनएचएआई ने बिल्हौर, चौबेपुर में हाईवे किनारे करीब 40 व कन्नौज में 60 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को एक्सेस परमीशन के लिए नोटिस जारी किया।

> हाईवे किनारे स्थित व्यवसायिक प्रतिष्ठान बिना एक्सेस परमीशन के चल रहे हैं, जो अवैध कटों से रास्ता बनाकर हाईवे पर आवागमन करते हैं। बिना एक्सेस परमीशन वाले 100 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही अवैध कटों को बंद कराया जा रहा है।
>
> **प्रशांत दुबे, परियोजना निदेशक एनएचएआई**



**40** प्रतिष्ठान हैं कानपुर नगर जिले के

**60** प्रतिष्ठान हैं कन्नौज जिले के

- **ढाई लाख रुपये 15 साल के लिए देना होगा शुल्क**

### क्या होती है एक्सेस परमीशन

- दरअसल हाईवे किनारे कोई भी व्यवसायिक प्रतिष्ठान होने पर या निर्माण कराने पर एनएचएआई से एक्सेस परमीशन के लिए अनुमति लेनी होती है, जिसके लिए करीब 10 से 15 हजार रुपये फाइल प्रोसेस के साथ 15 साल के लिए ढाई लाख का शुल्क जमा करना होता है। इसके बाद एनएचएआई उन्हें हाईवे पर आने-जाने के लिए रास्ता देने का नक्शा बनाकर देता है। इसके साथ ही सर्विस लेन से आने जाने और हाईवे से संपर्क कराने का नक्शा भी बना कर देता है, जिससे हाईवे पर आने-जाने में किसी तरह का खतरा नहीं होता है।

# खेल-खेल में लग गया फंदा, बच्ची की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **घर में अकेले थे भाई-बहन छोटी बहन के आने पर हुई हादसे की जानकारी**

**अमृत विचार।** गुजैनी थाना क्षेत्र में सोमवार को एक हृदय विदारक घटना घटी। छोटे भाई के साथ खेलने के दौरान नौ वर्षीय बच्ची की गले में अंगौछा कसने से मौत हो गई। घटना के समय पिता फैक्ट्री गए हुए थे और मां बाजार गईं थीं। सात वर्षीय छोटी बहन पड़ोस में ट्यूशन पढ़ रही थी। वह पानी पीने के लिए घर आई तो कमरे में बहन को लटकता देख पड़ोसियों व मकान मालकिन को सूचना दी। आनन फानन में लोगों ने बच्ची को फंदे से उतार कर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



सोनाक्षी।

मूलरूप से घाटमपुर निवासी महेश कुमार दादा नगर स्थित फैक्ट्री में काम करते हैं। परिवार में पत्नी सुमन व तीन बच्चे सोनाक्षी (9), मीनाक्षी (7) व आयुष (4) हैं। महेश परिवार समेत बीते चार वर्षों से बर्रा आठ स्थित जितेंद्र शुक्ला के मकान की तीसरी मंजिल पर किराये पर रहते हैं। महेश ने बताया कि सोमवार को वह काम पर गए हुए थे, जबकि पत्नी बाजार गई थीं, छोटी बेटी मीनाक्षी पड़ोस में रहने वाली युवती खुशी से ट्यूशन पढ़ने गई थी। घर पर बड़ी बेटी सोनाक्षी (9) व आयुष अकेले खेल रहे थे। इस दौरान दोनों अंगौछा लेकर खिड़की के पास पड़े पलंग पर बैठे थे। खेलने के दौरान सोनाक्षी ने अपने गले में अंगौछा डाल कर दूसरा छोर खिड़की में बांध दिया। तभी पलंग से पैर खिसकने से वह लटक गई। काफी देर तक वह फंदे पर लटकी रही। छोटी बेटी मीनाक्षी ने बताया कि वह ट्यूशन के बीच से पानी पीने आई तो बहन को लटकता देखा। जिसके बाद उसने ट्यूशन टीचर खुशी को मामले की जानकारी दी। खुशी ने मकान मालकिन को जानकारी दी। सभी पहुंचे और सोनाक्षी को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा, गुजैनी पुलिस व फोरेंसिक टीम पहुंची।



हैलट अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

# खांसी, जुकाम से हो रहा गला चोक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **हैलट अस्पताल की ओपीडी में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे मरीज, पेट दर्द भी**
- **मौसम में रोज हो रहे बदलाव के कारण लोग हो रहे वायरल से ग्रस्त**

**अमृत विचार।** मौसम में हो रहे बदलाव के कारण खांसी व जुकाम से जहां अभी तक लोगों का गला चोक हो रहा था। वहीं, इस वजह से पेट में दर्द के साथ दस्त व उल्टी की भी समस्या होने लगी है। इसके साथ ही सिर व शरीर में भी दर्द बना हुआ है।

हैलट की मेडिसिन विभाग की ओपीडी में सोमवार को पांच सौ से अधिक मरीज इलाज कराने को पहुंचे। इनमें से अधिकांश मरीज खांसी, जुकाम, वायरल बुखार, गले में दर्द, आवाज में बदलाव, शरीर में कमजोरी, सिर व पेट दर्द के रहे। इनमें से 40 फीसदी मरीजों का बीपी भी बढ़ा हुआ मिला। मेडिसिन विभाग के प्रो. जेएस कुशवाहा ने बताया कि दिन में हो रही गर्मी व रात को हो रही हल्की ठंड की वजह से लोगों को दिक्कत हो रही है। गले में संक्रमण व वायरल बुखार के मरीज ओपीडी में अधिक आ रहे हैं। खांसी आने के साथ गला छिल जाने जैसी समस्या मरीज बता रहे हैं। बचाव के लिए ऐसे में अचानक से गर्म कपड़े पहना नहीं छोड़ना चाहिए और कूलर व एसी का इस्तेमाल नहीं करना है। ठंडे पानी का सेवन तो अभी बिल्कुल न करे।

# प्रोडेक्ट की सेल के नाम पर एक लाख ठग लिए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **चमनगंज थानाक्षेत्र की घटना रिपोर्ट दर्ज की गई**

**अमृत विचार।** गूगल पर वर्क फ्रॉम होम सर्च करना एक महिला को भारी पड़ गया। साइबर अपराधियों ने प्रोडेक्ट सेल करने के नाम पर पहले रुपये जमा कराए। इसके बाद कमीशन के नाम पर ठेंगा तक नहीं मिला। पीड़िता ने एक लाख ठगी का मामला दर्ज कराया है।

आनंद बाग निवासिनी वंदना तिवारी ने पुलिस को बताया कि 24 और 25 मई 2023 को वह मोबाइल पर वर्क फ्रॉम होम सर्च कर रहीं थीं। 26 मई को उनके पास व्हाटसएप नंबर से मैसेज आया जिस पर ग्रुपॉन, फ्री शापिंग माल कंपनी के लिए मोबाइल से काम करके कमीशन के बेस पर कमाई करने की बात कही गई। रजिस्ट्रेशन के लिए एक लिंक दिया गया। कार्य में वेब पर कुछ प्रोडेक्ट की सेल के लिए उनकी कीमत के बराबर पैसा कुछ देर के लिए उन लोगों की ओर से बताए यूपीआई पर जमा करना होता था। इसके बाद कमीशन लगा कर अपना पूरा पैसा ले सकते हैं ऐसा बताया गया। पहले दो बार में उन्हें कुछ रुपयों का कमीशन प्राप्त हुआ। इसके बाद कुछ प्रोडेक्ट अचानक महंगे होते चले गए। जब विड्राल के लिए अप्लाई किया तो बताया गया सात ऑर्डर पूरे करने पर पैसा निकाल सकते हैं। उधर से एक लड़की ने कहा कि प्रोडेक्ट आर्डर पूरा कर पैसा निकाल लो। तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ। चमनगंज प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आईटी एक्ट में मामला दर्ज किया है।

# मैथमेटिकल मॉडल बहुउपयोगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किसी भी महामारी को नियंत्रित करने में गणितीय मॉडल सशक्त जरिया बनकर उभरा है। इसकी वजह यह है कि गणितीय मॉडल काफी बिखरे हुए तथ्यों को एक जगह संजोने का जरिया बनता है। इसके जरिये महामारी या बीमारी फैलने की सीमा और अवधि को भी समझा जा सकता है। यह विचार सोमवार को डीएवी कॉलेज में हुए सेमिनार में विशेषज्ञों ने व्यक्त किए।

कॉलेज के गणित विभाग की ओर से 'मैथमेटिकल मॉडलिंग एंड इट्स अप्लीकेशन' विषय पर हुए दो दिवसीय सेमिनार की शुरुआत डीएवी कॉलेज प्रबंधतंत्र सचिव कुमकुम स्वरूप ने की। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में एचबीटीयू गणित विभाग के अध्यक्ष प्रो राम नरेश त्रिपाठी ने कहा कि देश में बढ़ते वायु प्रदूषण को सिर्फ मैथमेटिकल मॉडलिंग के माध्यम से ही कम किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी दुर्घटना, कृषि, अर्थव्यवस्था व महामारी के गंभीरता और नियंत्रण को गणितीय मॉडल की सहायता से समझा जा सकता है।



विशेषज्ञों ने गणित के मॉडलों की जानकारी दी। अमृत विचार

- **डीएवी कॉलेज में हुए सेमिनार में विशेषज्ञों ने गणित की उपयोगिता बताई**

आईआईटी के प्रो मलय बनर्जी ने बताया कि गणितीय मॉडल से किसी भी महामारी की गंभीरता को नियंत्रित किया जा सकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अरूण कुमार दीक्षित ने भी भी युवाओं को गणित विषय का महत्व बताया। गणित विभाग के प्रभारी प्रो पुष्पेन्द्र कुमार त्रिपाठी, प्रो अभिषेक कुमार, प्रो अनीला त्रिपाठी, प्रो हेमन्त कुमार, प्रो संतराम वर्मा, डॉ कुसुम पाण्डेय, डॉ राजू सिंह गौर, डॉ देवेश दुबे, डॉ अमित द्विवेदी व डॉ पुष्कर पांडे प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मामूली विवाद में युवक को पीटा चेन छीनी

**कानपुर।** खाड़ेपुर तिराहे पर बाइक के सामने वैन खड़ी करने का विरोध करने पर दबंगों ने युवक के साथ मारपीट कर सोने की चेन व नकदी छीन ली। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

जरौली फेस वन निवासी अजय सेंगर ने बताया कि शुक्रवार शाम वह अपनी बाइक से जा रहे थे। खाड़ेपुर तिराहे के पास बाइक के आगे संकेत ठाकुर, जतिन, शिबु और अमन ठाकुर समेत अन्य अज्ञात लोगों ने वैन खड़ी कर दी। विरोध करने पर उक्त लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। सोने की चेन व करीब पांच हजार रुपये छीन ले गए। थाना प्रभारी टीबी सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।




कार्यशाला में जानकारी देतीं शिक्षिकाएं। अमृत विचार

# सरकारी नौकरी पाने के टिप्स छात्राओं को दिए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आचार्य नरेंद्र देव नगर निगम महिला महाविद्यालय की ओर से लगाए गए शिविर में छात्राओं को सरकारी नौकरी पाने के तरीके बताए गए। शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम की ओर से लगाया गया था।

शिविर में 50 छात्राएं शामिल हुईं। छात्राओं को आत्मनिर्भर होने के लाभ बताए गए। शिविर के प्रथम सत्र में पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी संध्या शर्मा ने छात्राओं को व्यक्तित्व विकास के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर महत्व के बारे में बताया। स्वयं सेविकाओं को आत्मनिर्भर बनने के टिप्स भी दिए गए। स्वयं सेविकाओं की मोबाइल पर सरकारी नौकरियों से संबंधित एप डाउनलोड कराया गया। दूसरे सत्र में एएनडी कॉलेज की महिला अध्ययन विभाग की सह आचार्य प्रेरणा प्रिया ने महिला अधिकार की जानकारी स्वयं सेविकाओं को दी। शिविर प्रभारी डॉ सीमा पाण्डे ने कई तरह के खेलों के जरिए व्यायाम का महत्व बताया।

# सीएचसी चौबेपुर का निरीक्षण कर रिपोर्ट बनाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चौबेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का सोमवार को बाह्य मूल्यांकन (एक्सटर्नल असेस्मेंट) राज्यस्तरीय कायाकल्प टीम ने निरीक्षण किया। टीम को सीएचसी में कुछ जगहों पर गंदगी मिली। अस्पताल परिसर में टीम को हर्बल गार्डन नहीं मिला। कायाकल्प टीम ने आठ से अधिक बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार की। इस रिपोर्ट के आधार पर ही सीएचसी को वर्ष 2023-24 का अवार्ड मिलेगा।

चौबेपुर सीएचसी में सोमवार सुबह लखनऊ से राज्य समन्वयक क्वालिटी एश्योरेंस आरएस चौरसिया, वरिष्ठ मेडिकल ऑफिसर डॉ. बृजेश कुमार व जिला समन्वयक क्वालिटी एश्योरेंस (कन्नौज) डॉ. सुनील प्रजापति ने पहुंचे।



सीएचसी चौबेपुर में निरीक्षण करती कायाकल्प की टीम। अमृत विचार

सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. यशवर्धन सिंह समेत उनके अधीनस्त स्टाफ ड्रेसकोड में मिले। टीम ने प्रसव कक्ष, टीकाकरण कक्ष और प्रगति, परिवार नियोजन कार्यक्रम, लैब, बायो मेडिकल वेस्ट, मेडिसिन स्टोर, साफ-सफाई आदि चिकित्सीय सुविधाओं को परखा। जनपदीय समन्वयक क्वालिटी एश्योरेंस डॉ.आरिफ बेग ने स्वास्थ्य केंद्र के सभी स्टाफ को उनके बेहतर कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ.आरिफ बेग के मुताबिक सीएचसी चौबेपुर की सुविधाओं में वृद्धि करने के प्रयास किए जा रहा है। मांग है कि अस्पताल का प्रवेश द्वार मानक के अनुसार हो, जानवरों का प्रवेश रोकने की व्यवस्था व हर्बल गार्डन की सुविधा हो, ताकि अस्पताल और अच्छा दिखे। उन्होंने टीम के सदस्यों को बताया कि सेनिटाइजेशन एंड हाइजीन के तहत अस्पताल में सफाई मानकों के तहत की जा रही है। इस दौरान साथ में बीपीएम मयंक मिश्रा और बीसीपीएम शिवानी समेत अन्य अधिकारी भी रहे।

- **राज्यस्तरीय कायाकल्प टीम ने किया निरीक्षण**

# सिपाही के साढ़े छह लाख लेकर फरार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **परिचित ने मां के इलाज के नाम पर लिए थे रुपये**

**अमृत विचार।** मां की बीमारी बताकर चमनगंज थाने की चौकी में तैनात सिपाही से उधार लिए गए लाखों रुपये लेकर एक युवक फरार हो गया। सिपाही ने चमनगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

चमनगंज में तैनात सिपाही आदर्श कुमार ने दर्ज एफआईआर में बताया कि वह चौकी दलेलपुरवा में 2020-21 में तैनात था उसी दौरान सलमान जहीर उर्फ शादाब को मां के इलाज के लिए 25000, 25000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किया। इसके बाद और रुपयों की जरूरत पर अपने बैंक अकाउंट से पर्सनल लोन कराके शादाब को कुल 6,90,000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किया। बाद में शादाब ने 28,000 रुपये वापस किए। उसके बाद रुपये देने से आनाकानी करने लगा। बाद में अचानक गायब हो गया। घरवालों ने बताया कि वह पता नहीं कहां चला गया है। इस संबंध में चमनगंज प्रभारी निरीक्षक हामिद ने बताया कि सलमान जहीर उर्फ शादाब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**जागरुकता** गूगल पर मिल रहे हैं कंपनी के फेक ई-मेल आईडी और नंबर, होली पर साइबर सेल ने शहरवासियों को किया अलर्ट

# त्योहार पर शहरी सावधानी से करें ऑनलाइन शॉपिंग



कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होली पर साइबर ठग लोगों को शिकार बनाने के लिए नए-नए पैंतरें अपना रहे हैं। गूगल पर मेल-आईडी में मामूली बदलाव कर और कंपनी के फेक मोबाइल नंबर डालकर ठगी की जा सकती है। ऑनलाइन शापिंग में ठगी की शिकायतें लगातार साइबर सेल को मिल रही हैं। साइबर सेल ने शहरवासियों को अलर्ट किया है। कहा है कि ऑनलाइन शापिंग सावधानीपूर्वक और सोच समझकर करें।

साइबर सेल एक्सपर्ट ने बताया कि त्योहार के समय ठग नामी गिरामी कंपनियों की फेक मेल आईडी और मोबाइल नंबर गूगल पर डालकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। आप ऑर्डर करें तो कम से कम उसके आस पास की साइट चेक कर लें। दूसरा यूआरएल डालकर दोबारा चेक कर लें, जरा भी शंका होने पर कतई उस साइट का इस्तेमाल न करें।

### साइबर सेल के पुलिस कर्मियों की तैनाती

- साइबर सेल का कानपुर में थाना है। एक इंस्पेक्टर और स्टॉफ भी है। चुनाव और त्योहारी ड्यूटी की वजह से पुलिस कर्मियों की तैनाती विशेष सेल में कर दी गई है, जिसकी वजह से न तो मामले दर्ज हो पा रहे हैं और न ही साइबर अपराधियों पर ठीक तरह से शिकंजा कस पा रहा है।

### मोबाइल की डमी और शर्ट का कॉलर निकला

- नवाबगंज निवासी तपन दास ने मोबाइल की साइट देखी, बाजार से सस्ता मोबाइल मिलने पर उन्होंने कंपनी की दी हुई साइट खोली और मोबाइल नंबर मिलने पर उस पर अपना आर्डर प्लेस कर एक लाख 15 हजार रुपये पेमेंट कर दिए। आर्डर आया तो मोबाइल में सिम डालने की कोशिश की गई, सफलता न मिलने पर कंपनी के रिपेयरिंग सेंटर पर जानकारी दी तो पता चला कि मोबाइल नहीं, ये केवल डमी है और आपके साथ ठगी हुई है। ऑनलाइन शापिंग के दौरान दूसरा ठगी का मामला जूही थाने में आया। जहां होली पर भाई के लिए ऑनलाइन शर्ट मंगाने वाली किशोरी ने जब पैकेट खोला तो उसे केवल शर्ट का कॉलर मिला, बाकी तरह-तरह के कपड़ों की कतरन रखी हुई थीं।

> त्योहार पर लोग सोच समझ कर ऑनलाइन शापिंग करें। किसी तरह के लालच में न पड़ें। किसी भी मार्केटिंग साइट से शापिंग करने से पहले उसकी पूरी तरह से जानकारी कर कर लें।
>
> **-हरमीत सिंह, प्रभारी निरीक्षक, साइबर थाना**

# बंद मकान का ताला तोड़ लाखों का माल पार

**कानपुर।** बनपुरवा गुजैनी में बंद पड़े मकान का ताला तोड़ कर चोरों ने इलेक्ट्रानिक मशीन, पीतल के बर्तन समेत डेढ़ लाख का माल पार कर दिया। पीड़ित दो दिन पूर्व परिवार समेत खाटू श्याम दर्शन को गया था।

विजय नगर, गल्लामंडी निवासी अरविंद कुमार मिश्रा दो दिन पूर्व पत्नी व बच्चों के साथ खाटू श्याम गए थे। बाद में पड़ोसियों ने मेन गेट का ताला टूटा देखकर जानकारी दी। अरविंद लौटे तो बक्सों का ताला टूटा हुआ था, उसमें रखे पीतल के बर्तन, दो हाइड्रोलिक किट, गैस सिलेंडर व अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण समेत करीब 1.50 लाख का सामान गायब मिला।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रिलाइन्स निपान लाइफ एन्श्योरेंश को लि. पालिसी संख्या 19798957 में रफीक अहमद पुत्र कुदरत अली दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम शफीक अहमद पुत्र कुदरत अली है। अतः मेरा सही नाम शफीक अहमद ही पढ़ा व समझा जाये।

**शफिक अहमद पुत्र कुदरत अली**
पता- 438 गुल्लावीर रोड पानी टंकी सलारगंज, बहराइच

### सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAMMAD SHANU था अब मने बदलकर अपना नाम IMRAN HUSAIN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। MRAN HUSAIN S/O: LAIQ HUSAIN, R/O: MEHNDI GANJ KARBALA, BAZAR KHALA, LUCKNOW

### दिव्य कृपाल महाविद्यालय गोसवां मल्लावाँ हरदोई

**में आवश्यकता है**

स्नातक सहा0 आचार्य समाज शास्त्र -01 पद, स्नातक रसायन विज्ञान -01 पद, स्नातक/परास्नातक वनस्पति विज्ञान -01 पद तथा स्नातक / परास्नातक भूगोल में-01 पद व परास्नातक हिन्दी -01 पद

**योग्यता व वेतन यूजीसी व ल0वि0वि0 मानक के अनुसार।**

**आवेदन -** divyakripalpgcollege@ gmail.com,पर भेजें

**प्रबन्धक**
**श्री राकेश कुमार वर्मा**
मो-9919486606

### शिव मूरत सिंह महाविद्यालय त्रिशुण्डी, भादर, अमेठी

**आवश्यकता है**

**प्रवक्ता पद हेतु**

भूगोल 02 पद अर्थ शास्त्र 02पद

**वेतनमान व योग्यता- यूजीसी/उ0 प्र0 शासन/विश्व विद्यालय परिनियमावली अनुसार**

नोट-इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के भीतर समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं फोटो के साथ आवेदन करे।

**प्रबन्धक**
**प्रबीन कुमार सिंह**
मो-9793367812

### सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम BASDEV PRAJAPATI था अब मैने बदलकर अपना नाम BASDEV रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। BASDEV S/O:HARIPAL R/O: CHANDIPUR KHURD, AMBEDKAR NAGAR

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **मनोज कुमार यादव पुत्र विजय कुमार, निवासी-549/213/1, बड़ा बरहा, थाना आलमबाग, लखनऊ** मैने अपने पुत्र सुमन यादव जोकि अपराधिक प्रवृत्ति का है एवं मेरे कहने-सुनने में नहीं है वह मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अमर्यादित व्यवहार करता रहता है, इसके कृत्यों से परेशान होकर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति के बेदखल करता हूँ। और भविष्य में उसके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगा, मुझसे व मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता व सरोकार न होगा।

### अदालती सूचना

जयराम द्वारा अधिकृत लाल सिंह
बनाम
श्री प्रमोद कुमार पांडे

निवासी मकान संख्या 435, नानकारी, कल्याणपुर लगातार मु. सं. 12024 मैथा तहसील कानपुर देहात न्यायालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक) की अदालत में प्रत्येक तारीखों में गैर हाजिर रहे हैं इस बाबत कई बार समन भी कोर्ट की ओर से भेजा गया लेकिन उपरोक्त प्रतिवादी हाजिर नहीं हुए। आपको ज्ञात करा दें मु. सं. 12024 मैथा तहसील कानपुर देहात न्यायालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक) की अदालत में दिनांक 19/03/ 2024 दिन मंगलवार को आपकी पत्रावली जयराम बनाम प्रमोद कुमार पांडे विचाराधीन है। नियत तारीख पर आप प्रमोद कुमार पांडे पुत्र ऊदन उर्फ श्यामलाल पांडे समय 12 बजे उपस्थित हों।

**आज का मौसम**
हल्के से मध्यम बादल छाए रहने की संभावना।

29.4° अधिकतम तापमान | 11.3° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06:14 | सूर्यास्त 06:20

**रमजान मुबारक**

| इफ्तार (मंगलवार) | सहरी (बुधवार) |
|---|---|
| सुन्नी–06:19 | सुन्नी–04:56 |
| शिया–06:32 | शिया–04:43 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## शहर में आज

- **श्रृंगार :** वीर हनुमान सेवा समिति की ओर से पनकी मंदिर में श्रृंगार सुबह 11 बजे से।
- **बैठक :** सपा कार्यालय में आदर्श आचार संहिता की पाठशाला शाम चार बजे।
- **पाठ :** मां शक्ति पर विवादित भाषण के विरोध में महिला मोर्चा द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय में शक्ति पाठ एक बजे।
- **जागरुकता :** मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए गोविंद नगर व बरा के स्कूलों में कार्यक्रम 12 बजे।

## एक नजर

### हैलट में सर्वर ने दिनभर छकाया, मरीज परेशान

**कानपुर।** हैलट ओपीडी के पर्चा काउंटर पर सुबह से मरीजों की भीड़ लगी थी। ऐसे में बीच–बीच में सर्वर चले जाने से मरीजों को काफी दिक्कत हुई। कुछ मरीजों का पर्चा ऑफलाइन तो बना, लेकिन उनको भर्ती होने के लिए फिर से ऑनलाइन पर्चा बनवाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। कंप्यूटर ऑपरेटर ने अपने मोबाइल फोन से इंटरनेट कनेक्ट कर पर्चे बनाने का काम किया। सर्वर की वजह से पैथोलॉजी काउंटर व यूजर काउंटर में दिनभर मरीजों की भीड़ लगी रही। ओपीडी में सोमवार को करीब तीन हजार मरीजों के पर्चे बनाए गए। प्रमुख अधीक्षक डॉ. आरके सिंह के मुताबिक सर्वर की समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### अपराधियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने थाना कोतवाली पर थाने के समस्त विवेचकों के साथ आगामी त्योहारों, लोकसभा चुनाव के तहत बैठक की। इस दौरान उन्होंने भौतिक व इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को विवेचना में समाहित करते हुए विवेचनाओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया। ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत चौराहों व घर-घर उच्च कोटि के कैमरे लगवाने के दिशा निर्देश दिए। संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण करते हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित करने के दिशा निर्देश दिए गए। आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

### फूलबाग फल मंडी शिफ्ट

**कानपुर।** नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर सोमवार को अपर नगर आयुक्त आवेश खान की अध्यक्षता में फूलबाग स्थित फल मंडी को पूरी तरह से हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट किया गया। जोनल अधिकारी विद्यासागर, कर्नल आलोक नारायण व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में सड़क किनारे लगी 40 दुकानों को नई जगह शिफ्ट किया गया।

# आज इरफान पर फैसला संभव, फोर्स तैनात

## फर्जी आधार से यात्रा केस में भी गवाही शुरू, तत्कालीन इंस्पेक्टर ने दर्ज कराए बयान

**फैसले की घड़ी**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फर्जी आधार कार्ड से हवाई यात्रा करने के मामले में सोमवार को एमपीएमएलए लोअर कोर्ट में सपा विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ गवाही शुरू की गई। तत्कालीन जाजमऊ इंस्पेक्टर अशोक कुमार दुबे ने कोर्ट में बयान दर्ज कराए। मामले में सपा विधायक समेत सात आरोपियों के खिलाफ बीते पांच मार्च को आरोप तय हुए थे। वहीं इरफान के आगजनी कांड व आचार संहिता मामले में मंगलवार को फैसला आने की संभावना है। इसके मद्देनजर कचहरी और कई इलाकों में भारी फोर्स लगाई गई है। इरफान के लिए सैकड़ों लोगों ने दुआ भी की है।

आगजनी कांड के बाद सपा विधायक इरफान सोलंकी ने पुलिस से बचने के लिए अशरफ अली के नाम से फर्जी आधार कार्ड बनवा कर हवाई यात्रा की थी।

जिसमें सपा नेत्री नूरी शौकत, उसके भाई अशरफ अली व मौसा इशरत अली, अम्मार इल्लाही, अख्तर मंसूरी, अनवर मंसूरी ने सहयोग किया था। 26 नवंबर को ग्वालटोली थाने में आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी सरकारी दस्तावेज बनाना व उनका इस्तेमाल करना, षड़यंत्र रचना आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। बीते पांच मार्च को सपा विधायक समेत सात आरोपियों के खिलाफ एमपीएमएलए लोअर आलोक यादव की कोर्ट में आरोप तय किए गए थे। सोमवार को मामले में गवाही शुरू हुई, जिसमें तत्कालीन जाजमऊ इंस्पेक्टर अशोक कुमार दुबे ने बयान दर्ज कराए। मामले की अगली सुनवाई की तिथि दो अप्रैल निर्धारित की गई। वहीं मंगलवार को आगजनी कांड व आचार संहिता के मामले में फैसला आने की संभावना है। कोर्ट ने सपा विधायक को तलब किया है, जिस पर मंगलवार को कोर्ट में उनकी पेशी होगी।

### कौन सी धाराएं लगीं और क्या हो सकती सजा

- धारा 436 : किसी के घर को नष्ट करने के लिए आग से क्षतिग्रस्त करने में 10 साल से उम्र कैद तक सजा संभव।
- 386 : भय दिखाकर रंगदारी मांगने में 10 साल कैद और जुर्माना।
- 327 : मूल्यवान संपत्ति पर अवैध कब्जा करने में 10 साल कैद और जुर्माना।
- 427 : संपत्ति को दुर्भावनावश क्षतिग्रस्त करने में दो साल कैद और जुर्माना।
- 147 : बलवे में दो साल कैद और जुर्माना।
- 504, 506 : गाली गलौज, जान से मारने की धमकी में दो से सात साल कैद और जुर्माना।
- 120 बी : आपराधिक षडयंत्र में मूल धारा में सजा के बराबर।



### 300 से ज्यादा पुलिसकर्मी कोर्ट में रहेंगे

**कानपुर।** संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चंदर ने बताया कि इरफान सोलंकी मामले पर फैसले के मद्देनजर 8 इंस्पेक्टर, एक कंपनी पीएसी, 170 पुलिस कर्मी और चार क्यूआरटी कचहरी में लगाई गई है। इसके साथ-साथ एसीपी, एडीसीपी और डीसीपी भी तैनात रहेंगे। चमनगंज बाबूपुरवा और चकेरी में भी पुलिस की तैनाती कर दी गई है। कुल मिलाकर 300 से ज्यादा पुलिसकर्मी कोर्ट की सुरक्षा में रहेंगे।

## इरफान सोलंकी की रिहाई के लिए मांगी दुआ, जांच

**कानपुर।** हलीम कालेज मैदान में आयोजित तरावीह के समापन पर रविवार रात विधायक इरफान सोलंकी की रिहाई के लिए सैकड़ों रोजेदारों ने दुआ मांगी। सोमवार को सोशल मीडिया ग्रुपों पर इसका वीडियो वायरल होने पर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया। पुलिस व खुफिया विभाग मामले में जांच कर रहा है। सोशल मीडिया ग्रुपों पर लोगों ने तरह-तरह के कमेंट भी किए हैं। महराजगंज जेल मे बंद सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के विधायक इरफान सोलंकी के आगजनी मामले में 19 मार्च को कोर्ट का फैसला आना है। इसी बीच रविवार की रात हलीम कालेज में तरावीह हुई। रोजेदार व अन्य लोग दुआ मांग रहे थे, इसी बीच दुआ की पर्चियां भी स्टेज तक पहुंचाई गईं। जिसमें इरफान सोलंकी के नाम की भी पर्ची शामिल थी। इस पर रोजेदारों के साथ तरावीह में मौजूद सैकड़ों लोगों ने एक साथ इरफान की रिहाई और उसे सजा न हो, इसके लिए दुआ मांगी

हलीम ग्राउंड में तरावीह के दौरान जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी की रिहाई के लिए दुआ मांगने के मामले में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस और खुफिया ने जांच की तो जानकारी हुई है कि पर्ची के माध्यम से दुआ की गई है। वो पर्ची किसने लिखी और किसने पढ़वाई इसके लिए सीसीटीवी देखे जा रहे हैं। –हरीश चन्दर संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था



राजकीय इंटर कॉलेज चुन्नीगंज में शोक सभा में शामिल हुए शिक्षक। अमृत विचार

# शिक्षक आज करेंगे मूल्यांकन के कार्य का बहिष्कार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ 'शर्मा गुट' ने किया आह्वान
- शिक्षक के परिवार को आर्थिक सहायता की मांग

**अमृत विचार।** वाराणसी में आरक्षी की ओर से सहायक अध्यापक को गोली मारे जाने के विरोध में शिक्षकों ने मूल्यांकन कार्य का मंगवार को बहिष्कार का आह्वान किया है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ 'शर्मा गुट' की ओर से यह भी ऐलान किया गया कि जबतक आरोपी को सजा नहीं मिलती तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। शिक्षकों ने मृतक शिक्षक के परिजनों की आर्थिक सहायता भी दिए जाने की मांग की है।

सहायक अध्यापक की हत्या का मामले पर शिक्षकों ने जीआईसी केंद्र पर एकत्रित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान शिक्षकों ने मंगलवार को यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों को जांचने के बहिष्कार का भी ऐलान कर दिया। शोक सभा में प्रदेशीय उपाध्यक्ष हेमराज सिंह गौर, मंडलीय अध्यक्ष एनपी सिंह गौर, मोहित मनोहर तिवारी, अनिल सचान सहित अन्य शिक्षक नेता मौजूद रहे। इसी तरह शर्मा गुट की जिला कार्यकारिणी की आपात बैठक गोविंद नगर स्थित आर्य कन्या इंटर कॉलेज में हुई।

# मेट्रो के 5 स्टेशनों व डिपो के लिए टेंडर अवार्ड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने सोमवार को मेट्रो कॉरिडोर 2 (सीएसए से बर्रा-8) के एलिवेटेड सेक्शन और डिपो के निर्माण के लिए टेंडर अवार्ड कर दिया। कॉरिडोर-2 के एलिवेटेड सेक्शन के लिए सीइगल इंडिया लिमिटेड को 427.11 करोड़ का टेंडर अवार्ड किया गया है। कानपुर मेट्रो के लगभग 8.38 किमी लंबे कॉरिडोर-2 के एलिवेटेड सेक्शन की लंबाई लगभग 4.3 किमी है। जिसमें कुल पांच स्टेशन बनेंगे।

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के उप महाप्रबंधक (जनसंपर्क विभाग) पंचानन मिश्रा ने बताया कि यूपीएमआरसी के सेक्शन के लिए जारी किए गए टेंडर की अनुमानित लागत 484 करोड़ रुपये थी, जिसके लिए पांच कंपनियों ने बिड प्रस्तुत किया था। जिसमें सबसे कम सीइगल इंडिया लिमिटेड को 427.11 करोड़ में काम दे दिया गया। उन्होंने बताया कि एलिवेटेड सेक्शन में कुल 5 स्टेशन होंगे, जिसमें कृषि विश्वविद्यालय, विजय नगर चौराहा, शास्त्री चौक, बर्रा -7 और बर्रा -8 है।

यह दो हिस्सों में पहले उत्तरी छोर पर कृषि विश्वविद्यालय स्टेशन से कॉरिडोर 2 डिपो के रैंप तक और दक्षिणी छोर पर डबल पुलिया रैंप से बर्रा -8 तक फैला होगा। इस टेंडर के अंतर्गत कार्य के दायरे में आर्किटेक्चर फिनिशिंग, इलेक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल कार्य और स्पेशल स्पैन के साथ-साथ एलिवेटेड वायडक्ट एवं पांच एलिवेटेड स्टेशनों का डिजाइन और निर्माण शामिल है। बता दें कि कॉरिडोर के भूमिगत सेक्शन और टनल निर्माण के कार्य के लिए पिछले साल दिसम्बर में कल्पतरू प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल)-गुलेरमक जेवी को अनुबंध मिला था।

### बशीर मोहम्मद एंड संस को टेंडर

- यूपीएमआरसी ने कानपुर मेट्रो कॉरिडोर-2 के मेट्रो कार डिपो और वर्कशॉप में सिविल निर्माण कार्य और सिस्टम इंस्टॉल करने के कार्य के लिए केएसएम बशीर मोहम्मद एंड संस को 73.01 करोड़ रुपये का टेंडर अवार्ड किया है। डिपो निर्माण के लिए जारी किए गए टेंडर की अनुमानित लागत 113.20 करोड़ रुपये थी। टेंडर के अंदर कार्यों के दायरे में डिपो सह वर्कशॉप के निर्माण के लिए सिविल, पीईबी और इलेक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल के कार्य शामिल हैं। केएसएम ने इससे पूर्व कॉरिडोर एक के गुरुदेव चौराहा स्थित मेट्रो डिपो का भी निर्माण किया था।




- यूपीएमआरसी ने एलिवेटेड सेक्शन और डिपो के निर्माण के लिए सीइगल इंडिया लिमिटेड को दिया ठेका
- 427.11 करोड़ का टेंडर अवॉर्ड, 4.3 किमी का है उपरिगामी सेक्शन की लंबाई

# दवा कंपनी व नौ निदेशकों के खिलाफ परिवाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मानक के विपरीत दवा मिलने पर की गई कार्रवाई
- 2021 में डफरिन अस्पताल में हुई थी छापेमारी

**अमृत विचार।** डफरिन अस्पताल में छापेमारी के दौरान मानक के विपरीत दवा मिलने पर सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल आर्गनाइजेशन के ड्रग इंस्पेक्टर ने कंपनी और उसके नौ निदेशकों के खिलाफ परिवाद दाखिल कराया।

जुलाई 2021 में सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल (सीडीएससीओ) गाजियाबाद की टीम ने डफरिन अस्पताल में छापेमारी की थी। लैब में जांच में दवा मानक के विपरीत पाई गई थी। सीडीएससीओ ने तत्कालीन फार्मासिस्ट को नोटिस जारी कर दवा निर्माता कंपनी व सप्लायर के बारे में जानकारी देने को कहा था। फार्मासिस्ट ने हिमाचल प्रदेश के सोलन में स्थित दवा निर्माता कंपनी मोरफेन लेबोरेट्री लिमिटेड व सप्लायर्स पनकी स्थित ड्रग वेयर हाउस का नाम बताया था। टीम ने दोनों को नोटिस जारी कर माल वापस लेने व ब्रिकी बंद करने के निर्देश दिए थे। जिस पर निर्माता कंपनी ने दवाएं सही होने की बात कही थी। जिस पर सीडीएससीओ के ड्रग इंस्पेक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह की ओर से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में अपील की थी। कोर्ट ने कंपनी समेत उसके नौ निदेशक अरुण सिन्हा, सुशील सूरी, मनोज जोशी, सुखचरन सिंह, भूपेंद्र राज वाधवा, अंजू सूरी, संजय सूरी, प्रवीण कुमार दत्त, डॉ सविता के खिलाफ परिवाद दाखिल किया।

## जन औषधि केंद्र व मेडिकल स्टोर पर छापा

**कानपुर।** जिले के सरकारी अस्पतालों में खोले गए जन औषधि केंद्रों में जेनेरिक दवाओं की जगह कुछ में ब्रांडेड दवाओं की बिक्री की जा रही हैं, जिसकी सूचना पर ड्रग विभाग की टीम ने कॉर्डियोलॉजी स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में छापा मारा। वहां से टीम ने 15 दवाओं के नमूने लेकर उनको जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा। इसके साथ ही टीम ने गोविंद नगर के जनता मेडिकल स्टोर में भी चेकिंग की, जहां बिल आदि में कमी मिलीं।

मरीजों को सस्ते दामों पर दवाएं मुहैया कराने के लिए रावतपुर स्थित कार्डियोलॉजी संस्थान में प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र का संचालन किया गया है। लेकिन केंद्र में जेनेरिक दवाओं की जगह अन्य दवा की बिक्री की जा रही थी। जिसकी भनक लगने पर ड्रग विभाग की टीम ने कार्डियोलॉजी में बने जन औषधि केंद्र में छापा मारा।

15 दवाओं के नमूने लिए और उन दवाओं के नमूनों के सटीक परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा। इसी तरह टीम ने गोविंद नगर स्थित जनता मेडिकल स्टोर में भी छापा मारा। कागजात चेक किए तो वैध मिले। लेकिन पक्का बिल संचालक द्वारा नहीं दिया जा रहा था। इस पर ड्रग इंस्पेक्टर ओमपाल ने संचालक को फटकार लगाई। ड्रग इंस्पेक्टर ओमपाल ने बताया कि जनता मेडिकल स्टोर संचालक से दवाओं व बिल आदि की सूची मांगी गई है। साथ ही एक दवा का नमूना लेकर परीक्षण के लिए भेजा गया है।

# तीन जोड़ी ट्रेनों में बढ़े फेरे आज से रिजर्वेशन शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**होली पर्व को देखते हुए रेलवे ने लिया फैसला**

**अमृत विचार।** रेल प्रशासन ने होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए कानपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनल (एलटीटी), सूबेदारगंज से सूरत और सूबेदारगंज से सिकंदराबाद के लिए चल रही होली स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाएं हैं। इन स्पेशल ट्रेनों में मंगलवार से रिजर्वेशन शुरू हो जाएगा। सभी ट्रेनें सेंट्रल स्टेशन से होकर चलेंगी।

निर्धारित शेड्यूल के अनुसार ट्रेन नंबर 09117 22 मार्च से 12 अप्रैल तक हर शुक्रवार सूरत से सूबेदारगंज चलेगी। ट्रेन नंबर 09118 सूबेदारगंज से सूरत के लिए 23 मार्च से 13 अप्रैल तक हर शनिवार को चलेगी। इसी तरह कानपुर सेंट्रल से एलटीटी ट्रेन नंबर 04151 हर शुक्रवार को पांच अप्रैल से 28 जून तक चलेगी। एलटीटी से कानपुर ट्रेन नंबर 04152 अब हर शनिवार छह अप्रैल से 29 जून तक चलेगी। सूबेदारगंज से सिकंदराबाद ट्रेन नंबर 04121 हर गुरुवार चार अप्रैल से 30 मई तक चलेगी। सिकंदराबाद से सूबेदारगंज ट्रेन नंबर 04122 हर शनिवार छह अप्रैल से एक जून तक चलेगी।

**निगरानी** डीएम ने सभी विभागों से मांगी समस्त कार्यों की जानकारी, 72 घंटे में दें डिटेल, निर्वाचन आयोग को भेजी जाएगी

# चुनाव में फंसे व हो रहे कार्यों की सूची तलब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चुनाव आचार संहिता लगते ही नई योजनाओं और विकास कार्यों की घोषणाओं पर भी विराम लग गया है। चुनाव की घोषणा से पूर्व हुये टेंडर, अनुबंध और शुरू हुये विकास कार्यों के अलावा अन्य नये कार्यों पर रोक लग गई है। इन कार्यों की जिला प्रशासन ने अब मॉनीटरिंग करना भी शुरू कर दिया है। डीएम राकेश कुमार सिंह ने नगर निगम, केडीए समेत सभी विभागों से उनके ऐसे कार्यों की सूची मांगी है जो या तो शुरू हो गये हैं या फिर चुनाव के फेर में फंस गये हैं। विभागों को अगले 72 घंटों में सूची उपलब्ध करानी होगी जो निर्वाचन आयोग को भेजी जाएगी।

पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, केडीए, जलकल समेत सभी विभागों ने एक महीने पहले से ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की थी। विभिन्न विभागों ने 400 करोड़ रुपये से ज्यादा के विकास कार्यों के टेंडर जारी किये। लेकिन समय के साथ कई विकास कार्यों की कागजी प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकीं जिसके फेर में काम अटक गये। नगर निगम अकेले करीब 122 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को कराने जा रहा है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार डीएम ने यूपीएसआईडीसी, कानपुर विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, राज्य सेतु निर्माण निगम, गंगा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, निचली गंग नहर, डूडा, केस्को, नगर निगम, आवास विकास, मेट्रो, एनएचआई, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से उनके द्वारा कराये जा रहे कार्यों व रुके कार्यों समेत चार प्वाइंटों पर जानकारी मांगी है। चुनाव आयोग ने ऐसे विकास कार्यों की जानकारी मांगी है जिनके कार्य या तो शुरू हो गये हैं या रुक गये हैं।



पिछले दिनों पालिका स्टेडियम के कार्य के लिये उद्घाटन किया गया था। अमृत विचार

### यह रिपोर्ट मांगी गई

- ऐसे निर्माण कार्यों की सूची जिनके टेंडर जारी हो चुके हैं, किंतु खुले नहीं हैं।
- ऐसे निर्माण कार्यों की सूची जिनके टेंडर खुल चुके हैं, किंतु अनुबंध नहीं हुये हैं।
- ऐसे निर्माण कार्यों की सूची जिनके अनुबंध हो चुके हैं, किंतु मौके पर कार्य शुरू नहीं हुये हैं।
- ऐसे निर्माण कार्यों जिनका निर्माण कार्य मौके पर प्रारंभ हो चुका है।

## अगस्त तक लटका रिंग रोड पैकेज दो का काम

**कानपुर।** 93.20 किलोमीटर लंबी रिंग रोड के पैकेज दो का टेंडर आचार संहिता लागू होने से दिल्ली मुख्यालय में लटक गया है, जिस कारण पैकेज दो के काम में देरी होती दिखाई पड़ रही है। अब अगस्त माह तक पैकेज दो के कार्यदायी संस्था की चयन होने की संभावना है। रिंग रोड के पैकेज एक व चार का टेंडर राज कंस्ट्रक्शन व पैकेज तीन के लिए ऋषिकेश की हिलवेज कंपनी का चयन पहले की हो चुका है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की महत्वाकांक्षी परियोजना 93.20 किलोमीटर लंबी रिंग रोड 7800 करोड़ की लागत से तैयार होनी है। परियोजना पांच पैकेज, पैकेज एक, पैकेज दो (ए) व (बी), पैकेज तीन व पैकेज चार में बांटा गया है। पैकेज एक, तीन व चार के लिए कार्यदायी संस्था का चयन होने के साथ ही पैकेज एक में समतलीकरण के साथ ही रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) व पुलियों का सबस्ट्रक्चर का काम शुरू हो चुका है। पैकेज चार में करीब 80 फीसदी भूमि अधिग्रहण का काम पूरा हो चुका है, बाकी भूमि के अधिग्रहण की भी तैयारी चल रही है। रिंग रोड निर्माण कार्य वर्ष 2027 तक पूरा होना है।

### सीए में फेल युवक ने दी जान

**कानपुर।** बर्रा दो के रहने वाले शशी मिश्रा के 20 वर्षीय पुत्र अविरल ने चार्टेड अकाउंटेंट परीक्षा में एक नंबर से फेल हो जाने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घर पर मां शिल्पी और बहन आन्या ने फांसी पर लटकता शव देखा तो चीख पुकार मच गई। परिजनों ने बताया कि वह सीए में एक नंबर से रह जाने पर अवसाद में चल रहा था। वह लोग उसका लगातार मनोबल बढ़ा रहे थे, लेकिन वह नहीं माना और उसने अपनी जिंदगी खत्म कर ली।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)



Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

# बाजार में पार्किंग सुविधा मिल जाए तो कारोबार सुधर जाए

जनता का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हटिया लोहा मंडी के कारोबारियों ने कहा कि पार्किंग न होने से व्यापार प्रभावित हो रहा है। ग्राहक बाजार आने से कटने लगा है। व्यापारियों ने बाजार में टॉयलेट न होने की भी बात मुखरता से कही। कहा कि इस समस्या से व्यापारी रोजाना परेशान होते हैं।

हटिया लोहा मंडी बाजार में कारोबारियों ने अमृत विचार के संवाद में खुलकर अपने मुद्दे रखे। कानपुर उद्योग युवा व्यापार मंडल 'कंछल गुट' के अध्यक्ष आयुष द्विवेदी, संरक्षक अमरनाथ शुक्ला, मुकेश अग्रवाल, मनोज मिश्रा, अजय गुप्ता, किशन गुप्ता, सुभाष द्विवेदी, मनीष गुप्ता, मोहन गुप्ता ने कहा कि बाजार में पार्किंग की सुविधा न होने से सभी परेशान हैं। ग्राहक आते हैं तो वाहन खड़े करने की जगह ही नहीं मिलती। इस कारण ग्राहकों ने अब दूसरी बाजारों का रुख कर लिया है। कारोबारियों ने इस पुराने बाजार को बचाने के लिए जल्द पार्किंग की व्यवस्था किए जाने की पुरजोर मांग की है। कहा कि यहां के कारोबारियों के लिए चुनावों में यह बड़ा मुद्दा है।



अपनी समस्याएं बताते हटिया लोहा मंडी के कारोबारी। अमृत विचार

### जीएसटी का सरलीकरण हो

- कारोबारियों ने यह भी कहा कि उनके लिए जीएसटी भी मुसीबत बना हुआ है। कारोबारी अब तक यही नहीं समझ पा रहे हैं कि जीएसटी का कौन से स्लैब में वे हैं। ऐसे में सरकार को जीएसटी को सरल करना चाहिए। छोटा व्यापारी इस उलझे हुए टैक्स समीकरण को समझने के लिए पेशेवरों को नहीं रख सकता।

### बिजली के तार हैं मुसीबत

- हटिया बाजार में कारोबारियों ने बिजली के उलझे तारों को भी बड़ी मुसीबत बताया है। यह भी कहा कि बाजार में बंदरों का आतंक है और उनकी वजह से अक्सर बाजार में तारों से स्पार्किंग होने लगती है। ऐसे में कभी भी बाजार में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बाजार में तारों को अंडरग्राउंड कराया जाए।

### बंद हो ऑनलाइन कारोबार

- कारोबारी चंद प्रकाश अग्निहोत्री, राजेंद प्रसाद त्रिवेदी, रितेश तिवारी, सुमित गुप्ता, प्रकाश गुप्ता व पुष्पक जैन ने बताया कि लोहा कारोबार को ऑनलाइन बाजार पूरी तरह से खत्म कर रहा है। उन्होंने बताया कि खासतौर पर रसोई में इस्तेमाल होने वाले उपकरण जैसे कढ़ाई, तवा सहित अन्य लोहे के सामान ऑनलाइन बाजार में सस्ते मिल रहे हैं। बाजार में मौजूद समस्याएं की वजह से ग्राहक और अधिक ऑनलाइन खरीदारी कर रहा है। सरकार ने यदि ऑनलाइन बाजार के प्रति जल्द ही कोई ठोक कदम नहीं उठाया तो रिटेल कारोबार पूरी तरह से खत्म हो जाएगा।

### कट को खोला जाए

- व्यापारियों ने बताया कि मूलगंज से घंटाघर तक कट बंद करने के बाद बाजार में मुसीबत है। दुकान तक माल आने में लोडर चालक को लगभग आधा किलोमीटर दूरी तय करके आना पड़ता है। इससे नई सड़क पर जाम लगता है। कई बार इस पर विवाद होने के बाद अब लोडर चालक बाजार में माल लाने में कतराते हैं। कट को बादशाही नाका के पास खोला जाए।

### हो जाते हैं चालान

- कारोबारियो ने बताया कि ग्राहक अपने वाहन मुख्य सड़क पर खड़े करते हैं। इससे कई बार हजारों में चालान भी होते हैं। ऐसे में ग्राहक दोबारा बाजार की रुख करना ही बंद कर देता है। कारोबारियों ने बाजार में ऑनलाइन चालान को बंद किए जाने का मुद्दा उठाया है। कई बार चालान के नाम पर कारोबारियों का उत्पीड़न किया जाता है।

### टॉयलेट न होना भी समस्या

- व्यापारी सिद्धार्थ जैन, लखन गुप्ता, मनीष गुप्ता, राकेश गुप्ता, विवेक द्विवेदी ने बताया कि बाजार में एक भी शौचालय नहीं है। लघुशंका के लिए कारोबारी और ग्राहक दोनों को ही काफी दूर जाना पड़ता है। कई बार विवाद की भी स्थिति बनती है। बाजार में जल्द ही टॉयलेट की सुविधा दी जानी चाहिए।

## फेसबुक से दोस्ती कर अश्लील तस्वीरें कीं वायरल

**कानपुर।** नवाबगंज की रहने वाली युवती से एक युवक ने फेसबुक से दोस्ती की। धीरे-धीरे दोनों में नजदीकियां बढ़ीं तो युवती को मंदिर ले जाने के बहाने नानाराव पार्क ले गया और अश्लीलता की। विरोध करने पर पीट दिया और युवती की अश्लील तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल कर दीं। पीड़िता ने नवाबगंज थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नवाबगंज थानाक्षेत्र निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि फेसबुक पर उसकी मुलाकात कबीर नाम के युवक से हुई थी। इस बीच वह एक बार उससे मिली भी थी। बीते माह 26 फरवरी को आरोपी ने दूसरी बार मिलने बुलाया और कुछ तस्वीरें लीं। विरोध किया तो पीट दिया और कमरे में चलने का दबाव बनाने लगा। इस दौरान आरोपी ने अश्लीलता की। कुछ देर बाद आरोपी ने इंस्टाग्राम पर युवती संग ली गई फोटो पोस्ट कर दीं। पीड़िता ने नवाबगंज थाने में कबीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## एक नजर

### नशे में धुत बाइक सवार ने ली युवक की जान

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में गोपाल नगर निवासी 30 वर्षीय धर्मेंद्र गुप्ता मेट्रो में ट्रैफिक मास्टर के पद पर कार्यरत था। नौबस्ता गल्लामंडी के पास 10 मार्च को वह ड्यूटी कर रहा था। इसी दौरान एक बाइक पर सवार नशे में धुत तीन लोगों ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रविवार देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पत्नी मधु व दो बच्चे नैना व गौरी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### घर पर मृत मिला युवक

**कानपुर।** छावनी थानाक्षेत्र में नई बस्ती धोबीघाट के रहने वाले 35 वर्षीय लल्ला निषाद घर पर मृत मिले। इलाके के लोगों ने हत्या का आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दे दी। जिसके बाद पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मुरे कंपनी पुल के नीचे मृत मिला युवक

**कानपुर।** छावनी थानाक्षेत्र में रहने वाले 26 वर्षीय अमरदीप का शव मुरे कंपनी पुल के नीचे पड़ा मिला। पिता अवधेश ने बताया कि वह शराब का लती था। तीन दिन पहले घर से शराब के पैसे लेकर निकला था। इसके बाद सोमवार को उसका शव पुल के नीचे पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### तमंचा, कारतूस के साथ पकड़ा आरोपी

**कानपुर।** पनकी पुलिस ने तमंचा कारतूस के साथ अतुल बाजपेई उर्फ अभिषेक बाजपेई निवासी अशोक नगर को गिरफ्तार किया है। पनकी पुलिस ने बताया कि शातिर पर शहर के अलग-अलग थानों में 20 मुकदमे दर्ज हैं।

### ट्रेन में युवक की मौत

**कानपुर।** भूरी घुघरी थाना पवई आजमगढ़ निवासी 40 वर्षीय अश्विनी कुमार वर्मा सीलिंग का काम करता था। तीन दिन पूर्व दिल्ली काम के सिलसिले में गया था। काम न मिलने पर वापसी आ रहा था। दिल्ली से कानपुर आते समय सोमवार को इटावा में मौत हो गई। कानपुर सेंट्रल में जीआरपी ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### युवक ने फांसी लगाई

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में सुखऊपुरवा निवासी 24 वर्षीय ऋषभ गौड़ ने साड़ी से फांसी लगाकर जान दे दी। उसके छोटे भाई वंश ने बताया कि रविवार को पूरा परिवार बुआ के घर गया था। जहां उनके बेटे के जन्मदिन पर कथा का पाठ था।

# कर्मचारियों ने समर्पण से उम्दा काम करने का संकल्प लिया

## आयुध निर्माणी दिवस पर आयुध कर्मचारियों के संयुक्त मंच ने किया आयोजन

कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आयुध कर्मचारियों के संयुक्त मंच की ओर से सोमवार को आयुध निर्माणी दिवस मनाया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने समर्पण से काम करने का संकल्प भी लिया। निर्माणी दिवस पर कर्मचारियों ने एक दूसरे का मुंह भी मीठा कराया।

ऑर्डनेस फैक्ट्रियों में आयुध निर्माणी दिवस कर्मचारी सुबह से ही इकाई के मुख्य द्वार पर मौजूद रहे। इस दौरान कर्मचारियों ने एक दूसरे को निर्माणी दिवस की बधाइयां दीं। कर्मचारियों ने आयुध निर्माणियो के गौरवशाली इतिहास को भी याद किया। फील्ड गन फैक्ट्री में आयुध निर्माणी दिवस समारोह के अवसर पर कर्मचारियों को आयुध निर्माणी दिवस का बैज लगाया गया। समारोह में एआईडीईएफ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री कॉमरेड सौरभ सिंह चौहान ने कर्मचारियों को राष्ट्रहित के लिए समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प दिलाया। समारोह में मजदूर यूनियन के अध्यक्ष कॉमरेड आलोक सिंह, महामंत्री कॉमरेड चंद्रभान यादव, श्रमिक संघ के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह भदौरिया, मंत्री मोहित मिश्रा व बहुजन कर्मचारी संघ के बिपिन कुमार व ध्यानेंद्र सिंह यादव ने विचार व्यक्त किए।



कर्मचारियों को बैज लगाते यूनियन के पदाधिकारी। अमृत विचार

### बुजुर्ग कर्मचारी हुए शामिल

समारोह के दौरान इकाइयों से रिटायर हो चुके बुजुर्ग कर्मचारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रगतिशील पेंशनर्स कल्याण समिति कानपुर की ओर से हुए आयोजन में पुरानी यादों को ताजा किया। संगठन के अध्यक्ष सुरेश कुमार सचान ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए उन लोगों की ओर से बनाए गए उत्पादों ने हर मोर्चे पर अपना जौहर दिखाया है।



ओपीएफ के महाप्रबंधक एमसी बालासुब्रमणियम के साथ डीजीएक्यूए के एडीजी इफ्तखार अहमद। अमृत विचार

## ओपीएफ की टीम और उत्पाद अव्वल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डीजीएक्यूए के एडीजी 'एन एंड सी जेड' इफ्तखार अहमद ने किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** ग्लाइडर्स इण्डिया लिमिटेड की इकाई आयुध पैराशूट निर्माणी में सोमवार को डीजीएक्यूए के एडीजी 'एन एंड सी जेड' इफ्तखार अहमद ने ओपीएफ के उत्पादों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ओपीएफ में टीम वर्क की तारीफ की। इफ्तखार अहमद का स्वागत ओपीएफ के महाप्रबंधक एमसी बालासुब्रमणियम ने किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणी प्रदर्शनी कक्ष, उत्पादनशालाओं व निर्माणी प्रयोगशाला में किए जा रहे कार्यों को देखा। उन्होंने निर्माणी में बन रहे उत्पादों की सराहना की। कहा कि ओपीएफ के उत्पाद वास्तव में अत्यन्त उत्कृष्ट हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ओपीएफ में टीम वर्क की भावना, कुशल एवं दक्ष अधिकारी और प्रशिक्षित कर्मचारी अच्छी तरह से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। इस दौरान उनके साथ क्षेत्रीय निदेशक 'आरडीएक्यूए' लखनऊ, एनके दुआ व क्षेत्रीय निदेशक 'आरडीएक्यूए' कानपुर एनए मेश्राम भी मौजूद रहे। इस अवसर पर ओपीएफ के महाप्रबंधक एमसी बालासुब्रमणियम ने कहा कि ओपीएफ की पूरी टीम समर्पित है। संयुक्त महाप्रबंधक एस. बनर्जी, केके टोप्पो, प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी समदर्शी श्रीवास्तव, कार्य प्रबंधक रूपेश कुमार रहे।

**NOTICE**

No. DUBA/Cons/434/MR/2024-(21) Dated: 12/03/2024

**MR.** Manjeet Singh
S/o Natthu Lal Azad
**RESIDENT OF** Dubai, UAE, 4/5, Medical College, Swaroop Nagar, Kanpur Nagar, U P.
**PRESENT ADDRESS** Apt 315, Building 104, Street 4, Discovery Gardens, Duabi
**AND MISS.** Deepashree Gadgil
**DAUGHTER OF** Jayant Bapurao Gadgil
**RESIDENT OF** Dubai, UAE, 909, Shree Bunglow, Saptalingi Nagar, Sadvail, Sang Meshwar Ratnagiri.
**PRESENT ADDRESS** Apt 511, Building 86, Street 3, Discovery Gardens, Dubai

ABOVE MENTIONED INDIAN NATIONALS ARE PRESENTLY RESIDING IN UAE AND HAVE GIVEN NOTICE OF INTENDED MARRIAGE BETWEEN THEM UNDER THE FOREIGN MARRIAGES ACT, 1969. IF ANY ONE HAS ANY OBJECTION TO THE PROPOSED MARRIAGE HE/SHE SHOULD FILE THE SAME WITH THE UNDERSIGNED ACCORDING TO THE PROCEDURE LAID DOWN UNDER THE ACT/RULES WITHIN THIRTY DAYS FROM THE DATE OF PUBLICATION OF THIS NOTICE ON Email: **cons1.dubai@mea.gov.in, cons3.dubai@mea.gov.in**

Seal

Sd/-
**(Bijender Singh)**
(Marriage Officer)
Consulate General of India
P.O.BOX: 737, DUBAI (U.A.E), FAX NO. 009714-3970453
Email: cons1.dubai@mea.gov.in, cons3.dubai@mea.gov.in

# हेड इंजरी से अनुबंध कर्मी की मौत

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शरीर पर मिले आधा दर्जन चोटों के निशान, डीएनए परीक्षण के लिए लिया सैंपल

**अमृत विचार।** आईआईटी के अनुबंध कर्मी देवेश शुक्ला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद दूसरे दिन सोमवार को पोस्टमार्टम किया गया। जिसमें हेड इंजरी से मौत की पुष्टि हुई। शरीर पर आधा दर्जन चोटों के निशान मिले जो डॉक्टरों के अनुसार हादसे के प्रतीत हो रहे हैं। सिर की तीन हड्डियां टूटने की वजह से वह कोमा में चले गए और सांसें थम गईं। वहीं देवेश के परिजनों की मांग पर बहन गरिमा शुक्ला ने काकादेव थाने में डीएनए परीक्षण के लिए प्रार्थना पत्र दिया। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों ने डीएनए के लिए ब्लड सैंपल लिया।



देवेश शुक्ला।

परिजनों ने आरोप लगाया कि देवेश की मौत हादसे में नहीं हुई बल्कि प्रापर्टी को लेकर उनकी हत्या की गई है।

बिल्हौर के गांव गढ़ में रहने वाली शिक्षिका मनोरमा शुक्ला ने बताया कि उनका 24 वर्षीय बेटा देवेश शुक्ला आईआईटी में एक प्रोजेक्ट के तहत प्राइवेट नौकरी करता था। उनके साथ ही कल्याणपुर अवधपुरी में रहता था। मां ने बताया कि परिवार के लोगों से प्रॉपर्टी विवाद चल रहा है। मां का आरोप है कि प्रॉपर्टी हड़पने की नीयत से परिवार के लोगों ने ही उसे शराब पिलाने के बाद हत्या कर दी। शनिवार रात को रावतपुर मेट्रो स्टेशन के नीचे गंभीर हालत में देवेश पड़ा मिला था।

> किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद यदि उसकी पहचान न हो तो परमीशन लेने के बाद डीएनए के लिए सैंपल लिया जाता है। इस मामले में तो युवक की शिनाख्त है। डीएनए के लिए ब्लड सैंपल लिया गया है तो जांच कराई जाएगी।
>
> **-हरीश चन्दर, संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था**

काकादेव प्रभारी निरीक्षक काली प्रसाद गौड़ ने बताया कि गश्त के दौरान देवेश अचेत हालत में मिला था, उसे हैलट में एडमिट कराया गया था। इलाज के दौरान रविवार को देवेश ने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि परिवार के लोगों ने प्रॉपर्टी विवाद के चलते बेटे का डीएनए जांच की मांग की है। परिजनों की मांग पर डीएनए जांच के लिए पोस्टमार्टम के दौरान ब्लड का सैंपल भी सुरक्षित कराया है।

# दो मकानों के ताले तोड़ लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तिलक में शामिल होने गया था एक पीड़ित परिवार
- पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की

**अमृत विचार।** चकेरी में चोरों ने निर्माणधीन मकान से सामान व सचेंडी में तिलक समोरह में शामिल होने गये परिवार के घर से नगदी समेत लाखों के जेवरात पार कर दिए।



श्याम नगर निवासी हॉस्टल संचालक विक्रम सिंह के अनुसार वह अहिरवां में मकान का निर्माण करवा रहे है। मकान में 12 मार्च की देर रात चोर बांस बल्ली के सहारे अंदर घुसे। फिर चोरों ने कमरे में लगे ताले को तोड़कर दो फैन, एक एलईडी टीवी, दो कैमरे, एक मिक्सी, स्टेपलाइजर, एक बैटरी, दो पत्थर वाली मशीनें, एक ग्लेंडर, दो घिसाई मशीन को चोरी कर ले गए। दूसरे दिन जब विक्रम मकान में पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई। वहीं, सचेंडी इटारा वाजार निवासी सुनील पाल परिवार के साथ नौ मार्च को एक तिलक समारोह में शामिल होने गए थे। जब वह रात को घर लौटे तो कमरों के ताले टूटे पड़े थे। चोरों ने घर से दस हजार रुपये की नगदी समेत लाखों रुपये कीमत की ज्वैलरी चोरी कर ले गये। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गई है।

## 64 छात्रों ने गेट परीक्षा में बाजी मारी

**कानपुर।** डॉ आंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ दिव्यांगजन के 64 छात्र-छात्राओं ने गेट परीक्षा में बाजी मारी है। 4 मेधावियों ने ऑल इंडिया सौ रैंकिंग में अपना स्थान पक्का किया है। प्रवीण कुमार ने 11वीं, हर्षिता जायसवाल ने 59वीं, शुशांत सिंह ने 71वीं व अमन पटेल ने 98वीं रैंक में कब्जा किया है। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के 21 मेधावियों ने सफलता हासिल की है। इसी तरह सूचना तकनीक के 8, इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग विभग के 6, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के 10 व बॉयोटेक्नलॉजी के 19 मेधावियों ने अपना स्थान बनाया है।

विरोध तेज | कारोबारियों ने कहा, नगर निगम कर रहा व्यापार उजाड़ने की साजिश, हर स्तर पर करेंगे विरोध

# कारोबारियों की हुंकार, कलक्टरगंज में नहीं बनने देंगे कॉम्प्लेक्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कलक्टरगंज में नगर निगम की ओर से पास किए गए कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स का वहां के व्यापारियों ने खुल कर विरोध कर दिया है। व्यापारियों ने ऐलान किया कि इसे लेकर आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन की शुरुआत महापौर और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देने से होगी। सोमवार को कलक्टरगंज में हुई व्यापारियों की बैठक में बड़ी संख्या में कारोबारी शामिल हुए। इस दौरान यह भी मांग उठी कि कॉम्प्लेक्स को पास करने से पहले नगर निगम यह तय करे कि जमीन नगर निगम की है या नजूल की।

बैठक में कारोबारियों ने यह भी आरोप लगाया कि नगर निगम कलक्टरगंज बाजार को उजाड़ने की साजिश कर रहा है। व्यापारी इस साजिश को कभी भी कामयाब नहीं होने देंगे। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री व कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल के मुख्य संरक्षक ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि कलक्टरगंज के व्यापारी सौ वर्षों से अधिक समय से व्यापार कर रहे है। कई व्यापारियों की यहां पर पांचवीं पीढ़ी व्यापार कर रही है। नगर निगम इस तरह के प्रस्ताव को लाकर सैकड़ों व्यापारियों की रोजी रोटी छीन रहा है। महापौर सहित सभी जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दिया जायेगा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गुरुज़िन्दर सिंह ने कहा कि कलक्टरगंज के व्यापारियों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के युवा अध्यक्ष व कलक्टरगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष मिश्र ने कहा कि कलक्टरगंज के व्यापारियों को उजाड़ने का विरोध किया जायेगा। चुनाव के बाद एक बड़ा आंदोलन की रुपरेखा बनाई जायेगी। सभा में कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल के संयोजक अनुराग जायसवाल, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता राज, महानगर महामंत्री राजकुमार भगतानी, कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री पवन गुप्ता, हरिश्चन्द्र जायसवाल, केके गुप्ता, चंद्रप्रकाश गुप्ता, हर्ष गुप्ता, जीतेन्द्र गुप्ता राजा, संजय गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, अशोक केसरमल, शंकरलाल राठौर सहित अन्य मौजूद रहे।





कलक्टरगंज बाजार में बैठक को संबोधित करते ज्ञानेश मिश्रा और गुरजिंदर सिंह। अमृत विचार

- व्यापारियों ने आंदोलन की योजना बनाई, ज्ञापन से शुरू करेंगे विरोध

प्रवेश प्रारम्भ

प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर




**चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन**

चुनाव आचार संहिता लागू होने के 51 घंटे बाद (सोमवार शाम 6 बजे तक) सार्वजनिक स्थल चुन्नीगंज स्थित बी.एन.एस.डी. इंटर कॉलेज का मुख्य द्वार तथा कर्नलगंज लकड़मंडी में स्थित केस्को सब स्टेशन की दीवार पर प्रचार करते इन विज्ञापनों की तस्वीर प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी व लापरवाही को बयां कर रही है। ● मनोज तिवारी

# शहर में दिव्यांग 1.16 लाख पर वोटर मात्र 26 हजार

**अमृत विचार विशेष**

शिव प्रकाश मिश्रा, कानपुर



**2011** जनगणना में दिव्यांगों की संख्या 1,16292 थी

**2024** में जारी मतदाता सूची में संख्या सिर्फ 26478

### सवाल उठाए, जांच की मांग

- राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने मतदाता सूची में दिव्यांगों की संख्या देखने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी और चुनाव आयोग को पत्र भेजकर शिकायत की है कि नगर में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या पर आपत्ति है। उन्होंने पत्र में 2011 की जनगणना व मौजूदा वोटरों का जिक्र करते हुए कहा है कि इतने दिव्यांग मतदाता बनने से किन कारणों से रह गए। इसकी जांच होनी चाहिए। मामले की जांच करवाकर शेष दिव्यांगजनों को मतदाता बनवाया जाए।

### मतदान के प्रति जागरुकता की कमी

- जब सरकार, शासन व प्रशासन की ओर से मतदाता बनाने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हों तो ऐसे में दिव्यांग वर्ग का मतदाता न बन पाना जागरुकता की कमी ही हो सकती है। अगर कहा जाए कि दिव्यांग भागदौड़ नहीं कर सके तो गलत होगा। क्योंकि अब तो ऑनलाइन मतदाता बनने की व्यवस्था है।

**अमृत विचार।** 2011 में हुई जनगणना में शहर में दिव्यांगों की संख्या 1,16292 थी लेकिन 2024 में जारी मतदाताओं की सूची में दिव्यांग वोटरों की संख्या सिर्फ 26478 ही है। ऐसा तब है जब केंद्र व प्रदेश सरकार के साथ प्रशासन मतदान प्रतिशत बढ़ने के लिए पूरा जोर लगा रहा है। मतदाता बनने के लिए तरह-तरह के अवसर दिए जाते हैं। अब सोचने का विषय है कि आखिरकार किन कारणों से इतनी अधिक संख्या में विकलांग मतदाता क्यों नहीं बन सके।

2011 की जनगणना के अनुसार कानपुर शहर में दिव्यांगों की संख्या 1,16292 थी। जिसमें पुरुषों की संख्या 68633 और दिव्यांग महिलाओं की संख्या 47659 बताई गई। दिव्यांग वोटरों की संख्या सिर्फ 26478 ही है। इस हिसाब से देखें तो 89824 दिव्यांग ऐसे हैं जो मतदाता नहीं बन सके।

जबकि शासन व प्रशासन के स्तर पर बीएलओ की तैनाती, बूथ लेवल पर मतदाता कार्यक्रम, बीच-बीच में राजनीतिक पार्टियों की ओर से मतदाता सूची में नाम बढ़वाने का काम किया जाता रहता है। मतदाता जागरुकता कार्यक्रम, स्लोगन, बैनर, पोस्टरों से लोगों को जागरूक किया जाता है। सवाल यह भी है कि दो-चार हजार लोगों के नाम मतदाता सूची में न दर्ज हो सके तो लोग हल्ला मचाने लगते हैं, लेकिन 89 हजार से अधिक दिव्यांगों का नाम मतदाता सूची में न होने पर कुछ नहीं हुआ। इधर चुनाव आयोग ने दिव्यांगों के लिए विशेष सुविधा भी प्रधान की है कि उन्हें अगर दिक्कत है और वह स्वीकृति देते हैं तो उनका बैलेट से मतदान कराया जाएगा।

## एक नजर

### सपा में प्रदेश मंत्री बनाए गए बेरिया

**कानपुर।** सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे चार बार के विधायक शिवकुमार बेरिया को पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश मंत्री नियुक्त किया है। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के रसूलाबाद विधानसभा सीट से विधायक रहे बेरिया नेताजी (स्व.मुलायम सिंह) के करीबी लोगों में से एक माने जाते रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव 2022 वह भाजपा में चले गए थे। बीते माह उन्हें अखिलेश यादव ने ज्वाइन कराया था। बेरिया की ज्वाइनिंग में आर्यनगर से सपा विधायक अमिताभ वाजपेयी की अहम भूमिका बतायी जाती है।



शिवकुमार बेरिया।

### भाजपा, कांग्रेस के दावेदारों की सांसें अटकीं

**कानपुर।** भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की दिल्ली में हुई बैठक में यूपी की कानपुर समेत बाकी सीटों पर अंतिम निर्णय ले लिया गया है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री की सहमति के बाद घोषणा कर दी जाएगी। राजनीतिक गलियारों में कानपुर से प्रत्याशी की चर्चा का बाजार गरम रहा। कांग्रेस से टिकट के दावेदार भी दिल्ली में सक्रिय हो गए हैं।

अंदरखाने स्क्रिप्ट तय, क्षेत्रीय या प्रदेश कार्यालय में दी जा सकती भाजपा की सदस्यता

# अजय कपूर के करीबी छह पार्षद बोलेंगे जय श्रीराम

**13** मार्च को दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ली थी अजय कपूर ने

**06** पार्षदों में पांच कांग्रेसी व एक निर्दलीय, दो पूर्व पार्षदों की भी चर्चा

**एक्सक्लूसिव**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



अजय कपूर। अमृत विचार

- गोविंद नगर के एक कांग्रेस पार्षद के बेटे को भी अजय के साथ देखा गया
- लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नेताओं के पाला बदलने से गरमाई जिले की राजनीति

**अमृत विचार।** भाजपा में अन्य दलों के नेता, पदाधिकारी और सामान्य कार्यकर्ता लगातार शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस के बड़े चेहरे अजय कपूर ने हाल में ही भाजपा की सदस्यता ली है। अब अजय कपूर के करीबी छह पार्षद भी जल्द भाजपा का दामन थाम सकते हैं। इसको लेकर अंदरखाने स्क्रिप्ट तैयार हो गई है। बस अब जगह और समय का चुनाव होना बाकी है। भाजपा के सूत्रों की मानें तो पार्षदों को प्रदेश या क्षेत्रीय कार्यालय में भाजपा की सदस्यता दिलाई जा सकती है।

कांग्रेस के पूर्व विधायक अजय कपूर ने 13 मार्च को दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ली थी। जब अजय कपूर दिल्ली में थे तो उस समय शहर के एक कांग्रेसी पार्षद और उनके पति अजय के साथ में थे। इधर पार्षद और उनकी पत्नी 11 मार्च को हुये नगर निगम सदन में शामिल होने के लिए दिल्ली से लौटकर आये तो उसके एक दिन बाद अजय ने दिल्ली में भाजपा ज्वाइन कर ली। अब यह दोनों भी भाजपा की सदस्यता ले सकते हैं। इधर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद शनिवार को पहली बार शहर पहुंचे तो उनके साथ कई कांग्रेसी पार्षद नजर आये थे। चकेरी एयरपोर्ट पर तो सपा समर्थित एक निर्दलीय पार्षद उनकी गाड़ी पर खड़े दिखे, इसके साथ ही पूरी स्वागत यात्रा में गोविंद नगर के एक कांग्रेस पार्षद के बेटे को भी अजय के साथ देखा गया। माना जा रहा है इन पार्षदों का भाजपा की सदस्यता लेना तय है।

### दो को दिलाया टिकट, अब साथ देना मजबूरी

- दक्षिण में कांग्रेस के एक पार्षद का भी भाजपा में जाना तय माना जा रहा है। कांग्रेस के नेताओं की मानें तो अजय कपूर की सिफारिश पर ही इस पार्षद को कांग्रेस का टिकट मिला था। इसी वार्ड के बगल में कांग्रेस के टिकट से जीते पार्षद भी अजय कपूर के करीबी कहे जाते हैं। अजय के भाजपा में शामिल होने के बाद वह लगातार अजय कपूर के करीब देखे जा रहे हैं। कांग्रेस के यह दोनों पार्षद भी जल्द भाजपा की सदस्यता ले सकते हैं।

### भाजपा नेता का दावा, तीन और नाम शामिल

- भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि भाजपा में आने वाले कांग्रेस व निर्दलीय पार्षदों की सूची में तीन और नाम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के टिकट से पार्षद बनी एक महिला नेत्री अपने पति व पूर्व पार्षद के साथ भाजपा की सदस्यता ले सकती हैं। अजय कपूर के सामने ही यह तय हो गया है। भाजपा नेता ने बताया कि कांग्रेस के दो पूर्व पार्षद का नाम भी भजापा की सदस्याता लेते वालों की लिस्ट में है। इस तरह कुल छह पार्षद और दो पूर्व पार्षद समेत आठ नेता अजय के नेतृत्व में भाजपा ज्वाइन कर सकते हैं। बड़ी संख्या में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की लिस्ट अजय कपूर के कार्यालय में बन रही है। जिन्हें भाजपा ज्वाइन कराना है।

## नवीन पंडित नमो एप एक्टीविटी में सबसे ऊपर

**कानपुर।** नमोएप एक्टीविटी प्वाइंट्स में भाजपा पार्षद दल के नेता नवीन पंडित सबको पछाड़कर टॉप फाइव में सबसे ऊपर पहुंच गए हैं। पंडित 7,95,217 जबकि अभिजात मिश्रा 7,94,940, शशिकुमार गुप्ता 7,88,921, एस.अमुथा 7,88,4,11 और सत्यदेव पचौरी को 7,87,775 एक्टीविटी प्वाइंट्स मिले हैं। भाजपा सूत्र बताते हैं कि प्रत्याशी का फीडबैक और चयन निर्धारण का यह भी एक मानक रखा गया था।

जनता के मन में कोई नया उम्मीदवार है तो वे नाम शेयर कर सकते हैं। इसी के साथ नमोएप महत्वपूर्ण हो गया है। कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी एक समय दूसरे नंबर पर पहुंच गए थे। अब वह पांचवें पर हैं। नवीन का कहना है कि वह टिकट के दावेदार नहीं हैं। वह सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र से लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। इस सीट पर उपचुनाव की संभावना के मद्देनजर दावेदार चर्चा में हैं। दूसरे प्रबल दावेदार एमएलसी सलिल विश्नोई हैं।

# जानकारी देने और अलर्ट करने का मैसेज आएगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- असलहा जमा करने और 50 हजार से ज्यादा कैश लेकर न चलने की नसीहत

**अमृत विचार।** लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए हर वोटर का मतदान में हिस्सा लेना बेहद जरूरी है। वोट देना आपका पहला कर्तव्य है, अपने अमूल्य मत का इस्तेमाल जरूर करें। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए है। आपके आस-पास कोई असामाजिक कार्य हो रहा हो तो इस नंबर पर या अपने बीट पुलिस कर्मी को सूचना दें। अगर आपके मोबाइल पर इस तरह का कोई वॉयस मैसेज आए तो चौंकिएगा नहीं। ये आपको अलर्ट करने के लिए केंद्र सरकार की योजना है। जिसकी तैयारी कानपुर कमिश्नरेट में शुरू कर दी गई है। अगर आपके पास असलहा है तो ये वॉयस मैसेज असलहा जमा करने के लिए भी हो सकता है।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के कमिश्नरेट के ज्वाइन करते ही बीट पुलिसिंग लागू की गई थी। उनकी कोशिशों के बाद ये योजना सफल हो गई। बीट पुलिस कर्मियों से डाटा एकत्र कराया गया। सभी एसीपी से अपने इलाके में रहने वाले संभ्रांत लोगों से मिलने और चौकी प्रभारी व बीट पुलिस कर्मी की मदद से उनकी जानकारी करने को कहा गया। बीट पुलिस कर्मी, चौकी प्रभारी, इंस्पेक्टर और एसीपी को मिली जानकारी के अनुसार डाटा बैंक बनाया गया। इस डाटा बैंक को फीड करने के बाद वायफरगेट किया गया तो कारोबारियों की संख्या, महिलाओं की संख्या, असलहा धारकों की समेत तमाम जानकारी सामने आ गई।

### ग्रुप में किया जाएगा मैसेज

इन दिनों इस डाटा बैंक से ग्रुप बनाने का काम किया जा रहा है। इस ग्रुप में सभी लोगों को वॉयस मैसेज दिया जाएगा। अभी दिन में तीन बार मैसेज देने के लिए कहा गया है। जैसे-जैसे चुनाव की तारीख पास आएगी इन मैसेज की आवृत्ति बढ़ा दी जाएगी। एडीसीपी सेंट्रल को इसका प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि समय से असलहा जमा करने का संदेश और जो भी चुनाव से जुड़ी जानकारी आम आदमी के लिए होगी उसे जोड़ा जाएगा।



निर्देश देते जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश सिंह। अमृत विचार

# बड़ी धनराशि व संदेह भरे लेन-देन पर नजर रखें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राजनीतिक दलों के खातों में एक लाख से अधिक नकदी की जमा व निकासी की गई हो या संदेहास्पद लेनदेन हो तो ऐसे मामलों की नियमित रिपोर्ट दी जाए। यदि 10 लाख रुपये से अधिक की निकासी का मामला सामने आए तो आयकर विभाग के नोडल अधिकारी को तत्काल सूचित किया जाए। यह बात सोमवार को सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत लीड बैंक मैनेजर व बैंकर्स की बैठक में कही।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैंक मैनेजर व बैंकर्स से कहा कि चुनाव आयोग ने नामांकन से पहले चुनाव लड़ने वालों का नया खाता खोलने के निर्देश दिए हैं। इसलिए बैंक मैनेजर व बैंकर्स खाता खुलवाने व चेकबुक आदि उपलब्ध कराने में सहयोग करें। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रत्याशी के खाते से प्रतिदिन संदेहास्पद निकासी होने पर बैंकें अपनी रिपोर्ट एलडीएम के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी को जरूर दें। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान एक लाख से अधिक की धनराशि बैंक में जमा कराया जाना संदेह की श्रेणी में आता है जबकि बीते दो माह में इस प्रकार जमा व निकासी न की गई हो। इस पर नजर रखें। विभिन्न व्यक्तियों के खाते में एक ही बैंक खाते से आरटीजीएस से धनराशि का स्थानांतरण हो, जबकि इससे पहले ऐसा न हुआ हो तो इसकी जानकारी तत्काल उपलब्ध कराई जाए।

### बगैर मुद्रक व प्रकाशक के पंफलेट, पोस्टर न छापें

- सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में प्रिंटिंग प्रेस स्वामियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक कर चुनाव आयोग के निर्देशों की जानकारी दी व पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिनियम की जानकारी देकर बताया कि कोई भी ऐसा निर्वाचन पंफलेट, पोस्टर नहीं छापेगा जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम व पता न लिखा हो। किसी निर्वाचन पंफलेट व पोस्टर का मुद्रण तब तक नहीं होगा, जब तक प्रकाशन के पहचान की घोषणा दो व्यक्तियों की ओर से सत्यापित न हो। पंफलेट प पोस्टर शहर में मुद्रित हुआ है तो इसकी सूचना जिला मजिस्ट्रेट को तत्काल दी जाए। मुद्रण में धर्म, वंश, जाति, समुदाय, भाषा, चरित्र हनन इत्यादि के आधार पर अपील या आपत्ति जनक हो तो दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

## लाभार्थियों से मिलने बस्तियों में पहुंचेंगे भाजपाई

**कानपुर।** सोमवार को केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि दक्षिण जिला इकाई 20 मार्च से बस्ती संपर्क अभियान शुरू करेगी।

अभियान में विधायक, विधान परिषद सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य सहित सभी जनप्रतिनिधि के अलावा संगठन के जिला पदाधिकारी, मोर्चों की जिला टीम, मंडल अध्यक्ष और पार्षदों को एक-एक बस्ती में संपर्क करने की जिम्मेदारी दी गई है। ये सभी पदाधिकारी बस्तियों में जाकर पीएम मोदी और योगी सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थियों से संपर्क करेंगे।

# अखिलेश यादव ने श्रीराम मंदिर जाने से रोका था: प्रदीप



लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप तिवारी और सचिव आशीष शुक्ला का स्वागत करते दीपू पांडेय।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा में शामिल सपाइयों का भगवा पटका पहनाकर स्वागत

**अमृत विचार।** पिछले दिनों भाजपा में शामिल हुये सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सचिव का सोमवार को भाजपा उत्तर कार्यालय में स्वागत किया गया। भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हम सभी को श्रीराम मंदिर के दर्शन के लिये मना किया था, तभी क्षुब्ध होकर भाजपा की सदस्यता ली।

जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने भाजपा में शामिल हुये पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष लोहिया वाहिनी प्रदीप तिवारी, राष्ट्रीय सचिव आशीष कुमार शुक्ला, शैंकी मिश्रा, रामू चौहान और मनोज शुक्ला का नवीन मार्केट स्थित भाजपा कार्यालय में पटका पहनाकर स्वागत किया। दीपू पांडे ने कहा कि भाजपा की रीति नीति और पीएम मोदी का जन विश्वास और जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर दिन-प्रतिदिन लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। 2024 लोकसभा चुनाव में फिर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में परचम लहराएगा।

## अंकित मीडिया प्रभारी, आरफी को मिली संयोजक की जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



अंकित बाजपेयी।



आरफी।

- भाजपा उत्तर के खाली पदों पर किया मनोनयन

**अमृत विचार।** भाजपा उत्तर जिला में बहुत समय से खाली चल रहे पद सोमवार को अध्यक्ष दीपू पांडे ने भर लिये। उत्तर के मीडिया प्रभारी पद पर घोषणा की गई। जनरलगंज मंडल के प्रभारी अनुराग शर्मा एवं कानपुर महानगर उत्तर के सह मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई, श्याम वाजपेई को मीडिया प्रभारी घोषित किया गया। वहीं, अल्पसंख्यक मोर्चे में पूर्व पार्षद राशिद आरफी को संयोजक बनाया गया है।

जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि मनोनयन से संगठन के मीडिया संबंधी कार्यों को पूरा करने में गति मिलेगी। नए पदाधिकारियों को बधाई दी गई।

इस दौरान जितेंद्र विश्वकर्मा, संतोष शुक्ला, सत्येंद्र नाथ पांडे, सुनील जायसवाल, अनुपम मिश्रा, रोहित साहू, यश वर्मा, पीयूष आनंद रहे।

**लोकसभा चुनाव**

सर्विलांस व विजिलेंस टीमें कसेंगी शिकंजा, विधानसभावार सभी की जिम्मेदारियां तय, टीमें अपनी रिपोर्ट एआरओ को देंगी

# आचार संहिता, खर्च की निगरानी के लिए टीमों का हुआ गठन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में आचार संहिता का अनुपालन कराने और चुनाव में होने वाले खर्च की निगरानी के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभावार कुल पांच प्रकार की टीमों का गठन किया है। टीमों की अलग-अलग जिम्मेदारी होगी। गठित की गईं सर्विलॉस, स्क्वॉड व विजिलेंस टीमें एआरओ को अपनी रिपोर्ट देंगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने संसदीय क्षेत्रों में आचार संहिता का अनुपालन और चुनावी खर्च पर नजर रखने के लिए टीमों का गठन किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा वार निगरानी टीमों को तैनात किया है। जिसमें एसएसटी की 30, एफएसटी की 30, वीएसटी की 30 व वीवीटी की 10 और असिस्टेंड एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर (व्यय की निगरानी के लिए) 10 टीमों को लगाया है। वीवीटी व असिस्टेंड एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर की एक-एक टीम विधानसभावार रहेंगी, जबकि अन्य निगरानी के लिए तीन-तीन टीमें विधानसभावार भ्रमण करेंगी। यह टीमें अपनी रिपोर्ट एआरओ को देंगी। आदर्श आचार संहिता को प्रभावी रूप से लागू कराने के लिए अपर जिलाधिकारी डा. राजेश कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### टीमें और उनके काम

- स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) का काम - एक प्वांइट पर खड़े होकर निगरानी करती है।
- फ्लाइंग स्क्वाड टीम (एफएसटी) का काम – टीम के लिए निर्धारित विधानसभा क्षेत्र में लगातार भ्रमण करना।
- वीडियो सर्विलॉस टीम (वीएसटी) का काम – एफएसटी के साथ भ्रमण करना और वीडियो बनाना।
- वीडियो विजिलेंस टीम (वीवीटी) का काम – वीडियो रिपोर्ट के साथ एआरओ को अपनी रिपोर्ट देना जिम्मेदारी है।
- असिस्टेंड एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर – टीम चुनावी खर्च की निगरानी करती है।

### आदर्श आचार संहिता की पाबंदियां

- चुनाव में आचार संहिता की पाबंदियां आम संहिता, बैठक, पोलिंग बूथ, ऑब्जर्वर, सत्ताधारी पार्टी के रूम में पूरे चुनाव पालन की जाती हैं। जैसे आम संहिता के तहत प्रचार, कार्यक्रम, अपील, बैनर, भाषण से जुड़े मामले निहित हैं। जिनका पालन करना जरूरी है। इसी तरह बैठक कहां होगी, कब होगी, लाउडस्पीकर, वाहन जुलूस और उसके रूट की जानकारी देनी होगी। इसके बाद पोलिंग बूथ से संबंधित आचार संहिता लागू होती है। जैसे वोटर के अलावा कोई अन्य बूथ के अंदर नहीं जाएगा। ऑब्जर्वर के रूप में भी संहिता का पालन होता है। एजेंट को कोई शिकायत है तो वह ऑब्जर्वर से संपर्क करेगा। आखिरी है सत्ताधारी पार्टी के संबंध में। जैसे अपनी शक्ति का प्रयोग नहीं करना है। सरकारी वाहन का प्रयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं है। वादे पूरे करने संबंधी ग्रांट जारी नहीं होगी।

### एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर टीम का काम

- राजनीतिक दल की ओर से खर्च किया गया धन चाहे वह किसी भी मद में हो, जैसे वाहन, झंडा, बैनर, कर्यालय, चुनाव प्रचार में लगे लोगों के खानपान आदि की निगरानी करना। इसके अलावा अगर मदद के तौर पर भी कोई प्रत्याशी के लिए धन खर्च करता है तो वह भी प्रत्याशी के व्यय में जोड़ा जाएगा। इसे टीम देखती है कि क्या व्यय को कम करके दिखाया गया है या नहीं। व्यय अधिकतम निर्धारित धनराशि से ज्यादा है या नहीं। इसके बाद तैयार रिपोर्ट की जांच के बाद ईसीआई (भारत निर्वाचन आयोग) को प्रस्तुत की जाती है।

### 26 अप्रैल की मतदान तिथि में परिवर्तन की मांग

**कानपुर।** इंडियन नेशनल लीग के अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र भेजकर 26 अप्रैल को मतदान की तिथि में परिवर्तन की मांग की है। उनका कहना है कि इस दिन शुक्रवार है और यह दिन जुमे की नमाज का होता है। इस वजह नमाज के वक्त मुस्लिम मतदाताओं का मतदान का प्रतिशत गिर सकता है। उन्होंने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि शुक्रवार 26 अप्रैल को यूपी समेत 13 राज्यों में मतदान होगा जिनमें असम, जम्मू और कश्मीर, यूपी, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, कर्नाटक, केरल भी शामिल है। इन राज्यों में मुसलमानों की खासी आबादी है।

# निगरानी हुई धीमी तो सड़कों से कूड़ा उठान बंद

## शहर में कई वार्डों में पसरी गंदगी, उर्सला अस्पताल के बाहर भी कई दिनों से सड़ रहा कूड़ा, जिम्मेदार अफसर बने अनजान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की घंटी क्या बजी, नगर निगम के अधिकारी व्यस्त हो गये हैं। मॉनीटरिंग न होने की वजह से सड़कों पर कूड़ा पसर गया है। मुख्य सड़क के साथ ही गलियों, कूड़ा डंप के बाहर दो दिनों से कूड़ा सड़ रहा है। उर्सला अस्पताल के बाहर तो कूड़े का पहाड़ खड़ा हो गया है जिसके बीच राहगीर निकलने को मजबूर हैं। नियमानुसार कूड़ा उठान न होने की वजह से दो दिनों में करीब एक हजार टन कूड़ा सड़क पर छूट गया है।



उर्सला अस्पताल के बाहर लगा कूड़े का पहाड़। अमृत विचार

लोकसभा चुनाव को लेकर 16 मार्च को तारीखों का एलान हुआ है। इसके बाद से ही शहर में कूड़ा उठान सुस्त नजर आ रहा है। सुबह 9 बजे से पहले सड़क से कूड़ा उठाने के दावे हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। महापौर के योद्धा और नगर निगम के वार्डों में लगे सफाई कर्मचारी स्वच्छता अभियानों में नाम के लिये लगे हैं। सोमवार को जब सफाई की हकीकत जानी तो अधिकारियों के दावे धरे दिखाई दिये। दोपहर एक बजे उर्सला अस्पताल के बाहर करीब दो ट्रक से ज्यादा कूड़ा पड़ा मिला। यहां ऐसा नजारा था कि मानों किसी ने जानबूझकर सड़क तक कूड़ा फैलाया हो।

इसी तरह कल्याणपुर इंदिरा रोड पर दोपहर तक कूड़ा पड़ा मिला, जीटी रोड पर यही नजारा देखने को मिला। यहां जगह-जगह सड़कों पर सफाई न होने की वजह से कूड़ा पसरा मिला। पॉश इलाके स्वरूप नगर में भी यही हाल देखने को मिला। घंटाघर में एक नंबर सटेशन के बाहर कूड़े के साथ ही सीवर का पानी बजबजा रहा है। चुन्नीगंज में ईसाई कब्रिस्तान के बगल में बने कूड़ाघर में भी गंदगी पड़ी मिली। परमपुरवा मुख्य रोड पर कई जगह कूड़े का ढेर मिला।

### कूड़ा उठान पर नजर

**110 वार्ड शहर में**

- **12 सौ टन :** शहर में कूड़ा निकलता है
- **900 टन :** कूड़ा शहर से उठाया जाता है
- **300 टन :** कूड़ा सड़क पर छूट जाता है
- **90 वार्ड :** घर -घर से उठ रहा कूड़ा
- **30 वार्ड :** गीला व सूखा कूड़ा उठ रहा

### यह भी जानें

- **प्लांट :** भाऊसिंह पनकी
- **कूड़ा एकत्र पुराना :** 11 लाख टन
- **सफाई कर्मचारी :** 56 सौ
- **जरूरत :** 10 हजार

● चुनाव में व्यस्त हुए नगर निगम के अधिकारी

### करोड़ों खर्च फिर भी गंदगी

शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने में करोड़ों खर्च हो रहे हैं। मशीनरी, कर्मचारियों, डीजल, पेट्रोल पर भी रोजाना खर्च हो रहा है। लेकिन, शहर की सड़कों की तस्वीर नहीं बदल रही है। राहगीरों को आते-जाते मुंह ढककर निकल रहे है। ऐसे में स्वच्छता रैंकिंग को सुधारने के लिये जिम्मेदार अधिकारियों को आगे आना पड़ेगा।

### रमजान और होली को लेकर दिये निर्देश

रमजान के महीने और होली को देखते हुये महापौर ने पिछले दिनों विशेष सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं। मस्जिदों और होली स्थलों पर भी व्यवस्था करने को कहा गया है। लेकिन, इसके बावजूद सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरती जा रही है।

> अभी 90 वार्डों से डोर टू डोर कूड़ा उठा रहे हैं। जल्द 110 वार्डों से कूड़ा उठाया जायेगा। स्मार्ट तरीके से कूड़े का संग्रहण भी शुरू हो गया है। महापौर योद्धा 110 सफाई कर्मचारियों के साथ अलग सफाई करा रही हैं।
>
> -अमित सिंह गौर, नगर स्वास्थ्य अधिकारी

## सार-संक्षेप



सेवानिवृत्त कार्यकारी निदेशक मान अजय सिंह का स्वागत करते साथी।

### सेवानिवृत्त कार्यकारी निदेशक का किया स्वागत

**कानपुर।** ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कर्मचारी यूनियन की ओर से सोमवार को अर्मापुर यूनियन सभा भवन में सेवानिवृत्त कार्यकारी निदेशक मान अजय सिंह का स्वागत और सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अजय सिंह, विशिष्ट अतिथि अनूप कुमार शुक्ला मौजूद रहे। कार्यक्रम कि अध्यक्षता कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष धीरज कुमार श्रीवास्तव ने की। संचालन यूनियन के महामंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा कर्मचारी महासंघ के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी ने किया।



बेंच पर बैठे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शंकर दत्त मिश्रा आदि। अमृत विचार

### फुटपाथ पर दादा शंकरदत्त का पीआर शुरू

**कानपुर।** राजनीतिक अखाड़ा बना शहर कांग्रेस कमेटी के दफ्तर तिलकहाल में दो वरिष्ठ उपाध्यक्षों के बीच बयानी जंग ने गंभीर रूप ले लिया है। तिलकहाल न जाने की कसम खाये बैठे वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकरदत्त मिश्रा ने मेस्टन रोड पर मास्टर सीताराम दीक्षित की प्रतिमा के नीचे बेंच पर बैठकर जनसंपर्क शुरू कर दिया है। शाम को करीब दो घंटा रोज बैठने की बात कहने वाले शंकरदत्त कहते हैं कि रोज-रोज की चिकिर-चिकिर से बढ़िया है कि यहीं पर बैठा जाए। सोमवार का पहला दिन अच्छा रहा। खुद्दारी का जामा पहने शंकरदत्त कहते हैं कि उसूलों पे जहां आंच आए तो टकराना जरूरी हैजिन मास्टर सीताराम दीक्षित की प्रतिमा के नीचे बैठने लगे हैं, उस प्रतिमा का अनावरण दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने किया था। शंकरदत्त मिश्रा ने 1988 में नगर निगम की पार्षदी का चुनाव मास्टर सीताराम दीक्षित के साथ जीता था।

### अंहकार छोड़ने पर परमात्मा मिलेंगे : चंद्रदास

**कानपुर।** परमात्मा से मिलन में अहंकार सबसे बड़ा दुश्मन है। ऐसे मनुष्यों पर परमात्मा की कृपा कभी नहीं होती है। अहंकार से दूर होते ही अंदर से भक्ति आनी शुरू हो जाती है। जब भक्ति आती है तो व्यक्ति का प्रताप बढ़ता है। नौबस्ता आवास विकास में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में यह बात सोमवार को कथावाचक चंद्रदास महाराज ने कही। कथावाचक ने बताया कि गुरु और माता-पिता का अपमान करने पर कोई बचा नहीं है। कथा में ध्रुव चरित्र का सुंदर वर्णन भी किया गया। अंहकार और क्रोध हमेशा दूर रहता है। मन में शांति बनी रहती है। लोभ, लालच दूर-दूर तक नहीं दिखाई देते हैं। इस मौके पर कंचन शुक्ला, आचार्य संजीव द्विवेदी, आचार्य विजय बाजपेई, अनुराग बाजपेई, महावीर शुक्ल, सागर पांडेय, मानस पांडेय, श्रेयष पांडेय, ख्याति पांडेय, अमित द्विवेदी आदि मौजूद रहे।



चंद्रदास महाराज।

### मायावती को पीएम बनाने का लिया संकल्प

**कानपुर।** बसपा के अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी राजेश द्विवेदी के समर्थन में हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी अध्यक्ष मायावती को प्रधानमंत्री की कुरसी पर बैठाने का संकल्प लिया गया। मुख्य वक्ता कानपुर नगर के मुख्य मंडल प्रभारी नौशाद अली ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को जोड़कर बसपा प्रत्याशी राजेश द्विवेदी को जिताएं। नौशाद ने कहा कि बसपा फ्री राशन न देकर लोगों के अच्छे स्वास्थ, रोजगार, कानून व्यवस्था और अर्थ व्यवस्था, सीमा सुरक्षा जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेगी। सम्मेलन को अन्य प्रभारियों ने संबोधित किया। संचालन जिलाषयक्ष राजकुमार कप्तान ने तथा वीपी अंबेडकर, प्रवेश कुरील, जितेंद्र संखवार , अनिल पाल आदि ने संबोधित किया।

## एक नजर

### महिला से छेड़छाड़, विरोध पर पति को पीटा

**कानपुर।** मंदिर से घर लौट रही जरौली फेस दो निवासी महिला के साथ घर के बाहर खड़े दो भाइयों ने अभद्रता कर दी। विरोध करने पर पति को पीटा। जरौली फेस दो निवासी महिला ने बताया कि 16 मार्च को पवन दीक्षित व उसके भाई हरिओम ने छेड़छाड़ की। पति के साथ भी मारपीट की। बाद में आरोपी अपने साथी शिवम तिवारी, अनुराग तिवारी, सौरभ सविता, ज्ञानदीप दीक्षित आदि के साथ घर में घुस आए और मारपीट की। थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### हिंदी को देनी चाहिए प्राथमिकता

**कानपुर।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में सोमवार को कार्यशाला के दौरान तकनीक कर्मचारियों को हिंदी भाषा का महत्व बताया गया। इस दौरान उन्हें सरकारी कार्य के समय भी हिंदी भाषा का अधिक से अधिक प्रयोग करने की सीख दी गई। कार्यशाला में संस्थान में कार्यरत 40 तकनीकी अधिकारियों को मुख्य अतिथि के रूप में एडब्लूईआईएल के अधिकारी हरीश कुमार गुप्ता ने संबोधित किया। कार्यशाला में कनि. वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. सुधांशु मोहन, सहायक आचार्य शर्करा अभियांत्रिकी विनय कुमार, सहायक आचार्य शर्करा शिल्प मिहिर मंडल आदि मौजूद रहे।

### लेनदेन के विवाद में पीटा

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में लेनदेन के विवाद में महिला समेत उनकी बेटी और बहू को घर में घुसकर पीटा। आरोप है कि छेड़खानी भी की गई। पीड़िता ने चकेरी थाने में मामला दर्ज कराया है। चकेरी निवासी महिला के अनुसार उनके पड़ोसी सुरेंद्र कुमार गुप्ता से पति को उधार दी गई रकम वापस लेनी थी। आरोपी लगातार टाल मटोली कर रहे थे। बताया कि आरोपी से इसे लेकर विवाद भी हो चुका है। पीड़िता के अनुसार सुरेंद्र ने अपने परिवारीजनों मनोज गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, अंकित गुप्ता और शुभि गुप्ता के साथ घर आ गए। फिर सभी ने उनकी बहू व बेटी से मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान बेटी व बहू से छेड़छाड़ भी की। फिर धमकी देते हुए भाग निकले। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## फ्लाईओवर पर डंपर चालक ने लगाया जाम, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● डायवर्जन से नाराज वाहन चालक अराजकता पर उतारू

**अमृत विचार।** कानपुर-लखनऊ पर यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए यातायात पुलिस लगातार काम कर रही है। इसको लेकर पुलिस ने रामादेवी चौराहे से उन्नाव की ओर जाने पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। ऐसे वाहनों को तब से रामादेवी से फतेहपुर होते निकाला जा रहा है। अराजकता का यह माहौल है कि वाहन चालक रामादेवी से नौबस्ता चौराहा तक जाम लगा रहे हैं। सोमवार को रामादेवी फ्लाईओवर पर एक डंपर चालक ने वाहन खड़ा कर जाम लगा दिया। जिसके बाद यातायात पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने बताया कि यातायात विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सभी वाहनों को रामादेवी से फतेहपुर की ओर डायवर्ट किया गया है।

डायवर्जन करने पर वाहन चालक आगे जाकर वाहन रोककर खड़े हो रहे थे। इससे रामादेवी से नौबस्ता तक जाम लगा था। ट्रैफिक उपनिरीक्षकों और सिपाहियों की ड्यूटी तीन शिफ्टों में लगाई गई है। यातायात में अवरोध बनने वाले चालकों पर ट्रैफिक पुलिस निगाह लगाए हुए है। अगर कोई भी अराजकता के साथ यातायात व्यवस्था को प्रभावित करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सपा एक लाख घरों पर लगाएगी झंडे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में सोमवार को समाजवादी शिक्षक सभा, समाजवादी प्रबुद्ध सभा व महाविद्यालय के प्रवक्ताओं की बैठक हुई और आचार संहिता के नियम बताये गये। आचार संहिता का पालन करते हुए और गृहस्वामी की लिखित अनुमति पर सपा पहले चरण में एक लाख मकानों पर झंडे लगाने का काम करेगी।



सपा कार्यालय में बैठक के दौरान मौजूद सपाई। अमृत विचार

● आचार संहिता के नियमों के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि आचार संहिता का पालन करते हुए और आयोग के मानक के अनुसार गृहस्वामियों की मर्जी व लिखित अनुमति पर ही सपा गठबंधन के दोनों दलों के झंडे लगाने का काम करेंगे। पहले चरण में सपा एक लाख झंडे लगाएगी। 30 थानों के अंतर्गत जनसभाएं होंगी। उसके लिए स्थान संख्या व वाहन खड़ा करने की जगह और लाउडस्पीकर की लिखित अनुमति के बाद सभाएं की जाएगी।

आचार संहिता के चलते होली व गंगा मेला में चुनाव चिन्ह वाले झंडे बैनर का प्रयोग ना हो क्योंकि यह चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन होगा। इस दौरान सपा के प्रदेश सचिव केके शुक्ल, महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, परमवीर सिंह गंभीर, डॉ. नीतेंद्र यादव, डॉ. कुलदीप यादव, अनवर अली, सत्यनारायण गहरवार, ऋषि दुबे, डॉ. राजन दीक्षित, अनुराग सचान, सुनील बाजपेई, डॉ. कल्पना गुप्ता, सागर जायसवाल, अरविंद सचान, डॉ. संजय प्रजापति, आसित सक्सेना, दीपू पांडे व राजू खन्ना समेत आदि लोग रहे।

## राष्ट्रीय पर्व है चुनाव, करें भागीदारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चुनाव एक राष्ट्रीय पर्व है। इसमें विद्यालयों की भूमिका व योगदान रूपरेखा बनाकर संचालित करें। जिस विद्यालय का मतदान प्रतिशत अधिक होगा उस विद्यालय को पुरस्कृत किया जाएगा। यह बात सोमवार को बर्रा स्थित केडीएमए इंटरनेशन स्कूल में आयोजित कानपुर स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में संस्था के संरक्षक डॉ. संजय कपूर ने कही।



संजय कपूर के साथ बैठक करते केके दुबे। अमृत विचार

● सेल्फी भेजने वाले अभिभावकों को भी सम्मानित किया जाएगा

कानपुर स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में उन्होंने कहा कि आम जनमानस से शत प्रतिशत मतदान कराने की अपील शहर के विभिन्न क्षेत्रों में होर्डिंग के माध्यम से किया जाना सुनिश्चित करें। संस्था के महामंत्री पं. कृष्ण कुमार दुबे ने कहा कि अभिभावकों तक संदेश भेजने के साथ रिपोर्ट कार्ड पर सहभागिता का संकल्प पत्र भरवाकर अभियान को गति प्रदान किया जाए। कोषाध्यक्ष प्रतीक श्रीवास्तव ने कहा कि चुनावी पाठशाला, प्रभात फेरी, मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जाए।

संस्था के अध्यक्ष अजित अग्रवाल ने कहा कि व्हाट्स एप ग्रुप के माध्यम से अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता संबंधित संदेश भेजे जाए। संरक्षक ने कहा कि मतदान के बाद अभिभावक उसी ग्रुप पर हाथ में लगी स्याही की सेल्फी भेजे। जिसे लॉटरी के माध्यम से निकालकर प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार दिया जाए। बैठक में कौशल सिंह, अंकित दुबे, संजय गुप्ता, संदीप पाठक आदि ने सहभागिता की।

## छेड़खानी का विरोध करने पर पिता को हसिया मारी, घायल

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां में युवती से छेड़खानी करने पर शोहदे के विरोध करने पर पिता को हसिया से हमला कर घायल कर दिया। घटना में पिता लहूलुहान हो गया। सनिगवां निवासी ई रिक्शा चालक के अनुसार उनकी 18 वर्षीय बेटी एक निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। पीड़ित पिता ने बताया कि 15 मार्च की दोपहर को उनकी बेटी स्कूल से घर लौट रही थी। इस दौरान आरोपी शोहदे गौरव उर्फ मॉडल ने उसे रोका और छेड़खानी कर दी। किसी तरह से पीड़िता आरोपी से बचकर घर पहुंची। फिर पिता को घटना की जानकारी दी। इस पर पीड़िता का पिता आरोपी के घर विरोध करने पहुंचे। जहां आरोपी ने उनसे मारपीट की। इस दौरान आरोपी ने उनके सिर पर हसिया से हमला कर दिया। जिससे पीड़ित लहूलुहान हो गया।

## लाभार्थियों के इलाज में अस्पतालों की मनमानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● पेंशनर फोरम की बैठक में सीजीएचएस मुद्दे पर हुई चर्चा

**अमृत विचार।** पेंशनर फोरम की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को पांडुनगर में उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। जिसमें महामंत्री आनंद अवस्थी ने कहा कि कई अस्पताल मानकों को पूरा न करते हुए सीजीएचएस के लाभार्थियों के इलाज में भारी कीमत वसूल रहे हैं। सुविधाएं भी नहीं दी जा रही हैं।

महामंत्री ने कहा कि एक अस्पताल में लाभार्थियों से 100 रुपये रजिस्ट्रेशन के नाम पर लिया जाता था, जिसे बंद कराया है। ऐसे भी अस्पताल हैं जहां प्राइवेट कमरा नहीं है फिर भी सीजीएचएस के लाभार्थियों के इलाज के लिए अधिकृत हैं। इस संबंध में अपर निदेशक डॉ. किरण सिंह से शिकायत की गई। महामंत्री ने सुझाव दिया कि अस्पतालों में जाकर निरीक्षण किया जाए। देखा जाए कि अधिकृत सुविधा का इलाज मिल रहा है या नहीं। जिन अस्पतालों में नियमों को नहीं माना जा रहा है उन्हें सूची से हटाया जाए। बीएल गुलाबिया ने कहा की स्वास्थ्य का मामला गंभीर है। इस पर संयुक्त रूप से संघर्ष करेंगे। फोरम के अपर महामंत्री ने कहा कि अभी हाल ही में हमारे सदस्यों का मानसिक व आर्थिक उत्पीड़न हुआ है। अशोक कुमार ने आप बीती सुनाई, जिसपर निर्णय लिया गया कि होली के बाद अपर निदेशक के माध्यम से स्वाथ्य एवं कल्याण केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा।




केडीएमए लीग — केडीएमए और कानपुर इगलेट टीम ने भी जीते अपने - अपने मैच

# इलेवन स्टार ने 10 विकेट से जीता मैच

**खेल के मैदान से**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) की ओर से आयोजित केडीएमए लीग मुकाबले में सोमवार को तीन मैच खेले गए। जिसमें केडीएम, इलेवन स्टार, कानपुर इगलेट टीम विजेता रही।

केडीएमए लीग का पहला मुकाबला आईआईटी मेन मैदान पर खेला गया। आईआईटी व केडीएमए टीम मैदान पर उतरीं। आईआईटी ने पहले खेलते हुए 36.5 ओवर में 149 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम के सूरज ने 32, अंकुर चौधरी ने 28 व गौतम सन्नी ने 24, अभिषेक कुमार ने 32 रनों का योगदान दिया। जवाब में उतरी केडीएमए टीम ने 15.3 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 150 रन बना लिए। टीम के माही कटियार ने 35, सतनाम सिंह ने 43, सुमित सिंह राठौर ने 37 रन नाबाद, अंकुर चौधरी ने 29 रनों की पारी खेली। इस तरह केडीएमए ने सात विकेट से जीत दर्ज कराई। दूसरा मैच पीएसी मैदान में रोलैंड क्लब व कानपुर इगलेट के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रोलैंड क्लब ने 33.2 ओवर में 139 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम के तनिष्क गुप्ता ने 36, यश पाल ने 27, राजश्री शुक्ला ने 19 रनों का योगदान दिया। जवाब में कानपुर इगलेट ने 27.2 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाए। टीम के सत्य प्रकाश यादव ने 55 व रोहित मौर्य ने 36 रन नाबाद बनाए। इस तरह कानपुर इगलेट ने तीन विकेट से मैच जीत लिया। आखिरी मैच रामकली मैदान पर पैरामाउंट क्लब व इलेवेन स्टार के बीच खेला गया।

पैरामाउंट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 21.1 ओवर में 81 रन बनाकर ऑल आउट हुई। टीम के मो. मोहिब अंसारी ने 23, आदेश द्विवेदी ने 16, असित वर्मा ने आठ रन बनाए। जवाब में उतरी इलेवेन स्टार ने 8.2 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 85 रन बनाकर आसानी से 10 विकेट से मैच जीत लिया। टीम के आयुष ने 77 रन बनाकर नाबाद रहे।

### नेशनल यूथ व प्रिंस क्लब ने जीता टी-20 मैच

**कानपुर।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) से संबद्ध खेरापति एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित राजेंद्र कुमार कुरील स्मारक टी-20 क्रिकेट मुकाबले में सोमवार को दो मैच खेले गए। जिसमें नेशनल यूथ और प्रिंस क्लब विजेता रहा। पालिका मैदान पर खेले गए पहले मैच में भारत क्लब ने 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाए। टीम के त्रिभुवन दीक्षित ने 35, शिवा राजपूत ने 31 व अभिषेक राय ने 21 रनों की पारी खेली। जवाब में उतरी नेशनल यूथ ने छह विकेट के नुकसान पर 116 रन बनाकर 19 .1 ओवर में मैच जीत लिया। टीम के वैभव ने 30, वंश निगम ने 26 व अभिषेक भारती ने 16 रनों का योगदान दिया। इसी तरह दूसरा मैच खेरापति एथलेटिक्स व प्रिंस क्लब के बीच खेला गया। खेरापति एथलेटिक्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में 101 रन बनाकर ऑल आउट हुई। टीम के शशांक सिंह ने 25, देवेंद्र ने 17 व पंकज कुमार ने 10 रन बनाए। जवाब में प्रिंस क्लब ने 18 .5 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 104 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम के विनीत नागर ने 40, आदर्श सोनकर ने 17, करन पाल ने 11 रन बनाकर नाबाद रहे। प्रिंस क्लब छह विकेट से विजयी रही।

## कयाकिंग केनोइंग चैंपियनशिप की विजेता बनी प्रयागराज

**कानपुर।** 33वीं उत्तर प्रदेश राज्य कयाकिंग केनोइंग प्रतियोगिता-2024 का ताज प्रयागराज की टीम के सिर बंधा। कानपुर बोट क्लब में आयोजित जल क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन रूमांचक प्रतियोगिताएं हुई। इस दौरान 200 मीटर और 500 मीटर की प्रतियोगिता में प्रयागराज ने बाजी मारी । पुरस्कार वितरण के कार्यक्रम में केडीए उपाध्यक्ष मदन गबरियाल ने कहा की बोट क्लब अब अपने उद्देश्य की ओर बढ़ रहा है ।

उत्तर प्रदेश कयाकिंग कनोईंग एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने मंडलायुक्त अमित गुप्ता और सचिव जल क्रीड़ा नीरज श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (नगर) डॉ. राजेश कुमार, सचिव केडीए शत्रोहन वैश्य का आभार व्यक्त किया और कहा की एसोसिएशन भविष्य में और बड़े आयोजन कानपुर में करवाएगी। सचिव जल क्रीड़ा नीरज श्रीवास्तव ने कहा की कानपुर बोट क्लब में रोमांचकारी जल क्रीड़ा के प्रत्योगियाओं की अब शुरुआत हो गई है। आयोजन में तकनीकी प्रबंधन के रूप में सुमित घोष, एसएम भट्ट, गुलाब चंद्र, धवन कुशवाहा, डीपी सिंह रहे। मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश कयाकिंग कानोइंग एसोसिएशन खिलाडियों की प्रतिभाओं को आगे लाकर इनको प्रशिक्षण देकर प्रतियोगिताओं के आयोजन कर रही है।

# निजी बस खड्ड में घुसी, आठ यात्री घायल

## साढ़ थाना क्षेत्र के कुंदौली के पास हुआ हादसा, बस ड्राइवर और कंडक्टर मौके से भाग निकले

संवाददाता, भीतरगांव

**चीख-पुकार मची**

- जहानाबाद से बारा देवी कानपुर जा रही थी निजी बस
- दुकानदारों ने घायल यात्रियों को अस्पताल भिजवाया

**अमृत विचार:** साढ़ थाना क्षेत्र के कुंदौली गांव के सामने बंबे की पुलिया के पास जहानाबाद से सवारी लेकर बारा देवी कानपुर जा रही प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर खड्ड में जा घुसी, जिसमें आठ यात्री घायल हो गए। आसपास के दुकानदारों ने घायल यात्रियों को बाहर निकालकर निजी अस्पताल भेजा। हादसे के दौरान बस के यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।

जहानाबाद से सवारियां लेकर निजी बस बारा देवी, कानपुर जा रही थी। बस जैसे ही साढ़ क्षेत्र के कुंदौली गांव के सामने पहुंची, तभी सामने से आ रही गाड़ी को बचाने के प्रयास में चालक ने स्टेयरिंग घुमाई, जिससे बस अनियंत्रित होकर खड्ड में जा घुसी। झटका लगने से बस में सवार यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। हड़कंप के बीच दुकानदार दौड़कर मौके पर पहुंचे और यात्रियों की मदद की।


साढ़ रोड पर कुंदौली के पास गड्ढे में घुसी बस। अमृत विचार

हादसे के दौरान झटका लगने से शिवप्रकाश अमौली, राधेश्याम, विमल किशोर पांडेपुर, स्वाती मिश्रा परसादपुर, ओम तिवारी गोपालपुर, विनीता सिंह असेनिया, सर्वेश कुमार और इस्माइल जहानाबाद आदि लोग घायल हो गए। इन यात्रियों का कहना है कि ड्राइवर की लापरवाही से एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। हादसे के बाद ड्राइवर और कंडक्टर मौके से भाग निकले।

दुकानदारों ने मदद करते हुए बस की सवारियों को बाहर निकाला। इसके बाद यात्री दूसरे साधनों से अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। बस पर सवार यात्रियों के मुताबिक एक स्कूल बस आगे चल रही थी। उसके चालक ने बंबा के पुल पर अचानक ब्रेक ले लिया। सामने से एक विक्रम आ गई, जिसे बचाने के लिए निजी बस के चालक ने अचानक ब्रेक लेते हुए बस को बाईं ओर काट दिया, जिससे बस पलटते बची। अगर बस पलट जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार मामा-भांजे घायल

**बिधनू।** हमीरपुर हाईवे पर माधवबाग बाजार के पास सोमवार दोपहर तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार मामा-भांजे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक डंपर लेकर भाग निकला। नौबस्ता के खाड़ेपुर निवासी देवेंद्र कुमार सोमवार की दोपहर खाड़ेपुर निवासी मामा राममोहन के साथ बाइक से नौबस्ता जा रहा था। माधवबाग बाजार के पास पीछे से डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को गल्ला मंडी स्थित नर्सिंग होम में भर्ती कराया। थाना प्रभारी प्रेम चन्द्र कनौजिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल में मारी टक्कर, छात्रा घायल

संवाददाता, भीतरगांव

**रफ्तार की मार**

- हादसे में बाइक चला रहा युवक भी गंभीर रूप से घायल
- गंभीर घायल छात्रा और युवक को कानपुर रेफर किया गया

**अमृत विचार:** साढ़-जहानाबाद रोड पर सोमवार की सुबह बाइक सवार युवकों ने साइकिल सवार छात्रा को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे छात्रा और बाइक सवार गिरकर घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से भीतरगांव सीएचसी भेजा गया, जहां से दो की हालत गम्भीर देख कानपुर रेफर कर दिया गया।

साढ़ क्षेत्र के बरईगढ़ गांव निवासी सोनू मिश्रा की पुत्री खुशी मिश्रा (17) साइकिल से साढ़ कस्बे कोचिंग पढ़ने आ रही थी। जैसे ही वह थाने के पीछे जहानाबाद रोड पर धर्मकांटा के सामने पहुंची, तभी पीछे से आई बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही साइकिल सवार छात्रा के साथ बाइक सवार भी गिरकर घायल हो गए। हादसे में छात्रा खुशी मिश्रा के साथ बाइक चला रहे फतेहपुर जिले के बकेवर क्षेत्र के पहाड़ीपुर निवासी राहुल पाल गंभीर रूप से घायल हो गए।



हादसे में गंभीर घायल छात्रा खुशी मिश्रा और राहुल पाल। अमृत विचार

बाइक में बैठे फतेहपुर जिले के बकेवर क्षेत्र के पनेरुआ निवासी कुलदीप पुत्र इंद्रपाल और रामप्रताप भी गिरकर मामूली रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पुलिस फौरन मौके पर पहुंची और एंबुलेंस को बुलाकर सभी घायलों को भीतरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां खुशी और राहुल की हालत गंभीर देखकर डॉक्टरों ने कानपुर के लिए रेफर कर दिया। देर शाम तक घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही थी।

# दुष्कर्म के दोषी युवक को 20 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- घाटमपुर क्षेत्र में साढ़े चार साल पहले हुई थी घटना

**अमृत विचार।** घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र में करीब चार साल पहले एक गांव में खेत पर बकरी चरा रही नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए बीस साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि कानपुर नगर की घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र की पीड़िता के भाई ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 6 अक्टूबर 2019 की शाम पांच बजे कक्षा छह में पढ़ने वाली उसकी दस वर्षीय बहन अपनी कुछ सहेलियों के साथ भट्ठे के पास बकरियां चराने गई थी। उसी समय वहां बाजरे के खेत में काम कर रहे गांव के रामचंद्र उर्फ मुन्नू ने उसकी बहन को बहाने से गट्ठा उठाने के लिए बुलाया और दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। साथ ही विवेचना करते हुए आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे।

मामले की सुनवाई अपर जिला जज 13 पॉक्सो कोर्ट बाकर शमीम रिजवी की अदालत में चल रही थी। सोमवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए उसे बीस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दस हजार रुपये अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को देने के आदेश भी दिए हैं।

# युवती के बाल पकड़ खींचा, सिर फोड़ा

संवाददाता, भीतरगांव

- साढ़ थाने में दी गई तहरीर आरोपी की तलाश तेज
- युवती को मेडिकल के लिए भेजा गया अस्पताल
- युवती को जबरन रुपये देने की कोशिश कर रहा था आरोपी

**अमृत विचार:** साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में सिरफिरे युवक ने युवती के साथ छेड़छाड़ की। युवती ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके बाल पकड़कर खींचा और उसका सिर फोड़ दिया। मामले की साढ़ थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस ने युवती को मेडिकल के अस्पताल भेजने के साथ ही आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है।

साढ़ क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर के पास लगे हैंडपंप में कपड़े धो रही थी। इसी दौरान गांव का ही युवक रंजीत वहां पर आया और उसे जबरन कुछ रुपये देने लगा। जब युवती ने रुपये लेने से इंकार कर दिया तो आरोपी रंजीत आगबबूला हो गया और युवती के बाल पकड़कर खींचने लगा। युवती ने मुकाबला करने की कोशिश की तो आरोपी ने उसे घसीटते हुए जमीन पर गिरा दिया।

इसके बाद आरोपी ने लात-घूसों से उसकी पिटाई कर दी, जिससे युवती के सिर पर चोट आई है। युवती ने जब शोर मचाया तो गांव वालों के आने से भयभीत होकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। इसके बाद युवती ने अपने घर पहुंचकर परिवार वालों को पूरी बात बताई।

सोमवार को पीड़िता युवती ने साढ़ थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। इसके बाद साढ़ पुलिस ने युवती को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

### युवती के साथ छेड़छाड़ आरोपी की हुई पिटाई

**बिधनू।** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार की शाम दुकान से लौट रही 22 वर्षीय युवती के साथ पड़ोसी युवक ने हाथ पकड़कर छेड़छाड़ शुरू कर दी। ग्रामीणों के विरोध करने पर आरोपी मौके से भाग निकला। उलाहना देने पर पिता ने आरोपी बेटे की पिटाई की। युवती के मुताबिक वह रविवार की शाम घर से कुछ दूरी पर स्थित किराना की दुकान से सामान लेने गई थी। दुकान से लौटते वक्त पड़ोसी युवक रास्ते में रोककर अश्लील बातें करने लगा। विरोध करने पर हाथ पकड़कर छेड़छाड़ शुरू कर दी। शोर मचाने पर ग्रामीणों को आता देख मौके से भाग निकला। पीड़िता ने मां के साथ आरोपी के घर पहुंचकर शिकायत की, जिस पर पिता ने आरोपित बेटे की जमकर पिटाई कर दी। थाना प्रभारी राकेश सिंह ने घटना की जानकारी से इन्कार किया है। उनका कहना है कि अगर तहरीर मिलती तो कार्रवाई होगी।

## बारा टोल प्लाजा पर अप्रैल से बढ़ेंगी दरें

**कानपुर देहात।** बारा टोल प्लाजा से होकर आवागमन करने वाले वाहन चालकों को 15 अप्रैल की रात से जेब और ढीली करनी होगी। क्योंकि टोल की दरें रात बारह बजे से बढ़ जाएंगी। फिलहाल टोल प्रशासन ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

कानपुर-इटावा हाईवे के बारा गांव के पास बना टोल प्लाजा आसपास जिलों में सबसे महंगा टैक्स वसूलता है। अब एक अप्रैल से इस टोल की दरें फिर से बढ़ाई जानी है। इससे इस रूट से आने-जाने वाले लोगों पर आर्थिक बोझ और बढ़ जाएगा। कानपुर-इटावा मार्ग पर इटावा, औरैया, कानपुर, लखनऊ के साथ ही झांसी हाईवे से जुड़े आसपास के जिलों के लोगों का आवागमन रहता है। प्रतिदिन 30 हजार से अधिक छोटे-बड़े वाहन निकलते हैं। बारा टोल के डीजीएम मनोज शर्मा ने बताया कि 15 अप्रैल की रात 12 बजे से शुल्क में बढ़ोतरी होगी। इसकी तैयारी चल रही है।

# बड़े भाई पर खुरपी से किया जानलेवा हमला

संवाददाता, भीतरगांव

- पुराने घर के विवाद को लेकर सिर पर किया वार

**अमृत विचार।** साढ़ थाना क्षेत्र के अमौर गांव में पुराने घर के विवाद को लेकर छोटे भाई ने बड़े भाई के ऊपर खुरपी से सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में बड़ा भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया। साढ़ पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

अमौर निवासी किशन कुमार कुशवाहा (58) के मुताबिक सोमवार को तीन बजे वह घर से खेत की तरफ जा रहा था, तभी रास्ते में उसका सगा छोटा भाई अनंतू कुशवाहा मिल गया। पुराने घर के विवाद को लेकर गालीगलौज करने लगा। किशन ने उसका विरोध किया तो अनंतू ने खुरपी से सीधे सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा।


हमले में घायल किशन कुशवाहा।

हमला देखकर कुछ लोग दौड़े तो उन्हें देखकर आरोपी अनंतू कुशवाहा भाग गया। परिवार के लोग फौरन घायल किशन को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस के पूरे मामले की जानकारी दी। पुलिस ने उसे मेडिकल के लिए भीतरगांव सीएचसी भेज दिया। तहरीर के आधार पर साढ़ पुलिस ने आरोपी भाई की तलाश शुरू कर दी है।

# पानी के लिए पालिका में हंगामा

संवाददाता, घाटमपुर

**उठाई आवाज**

- कूष्मांडा नगर में तीन दिन से पेयजल की आपूर्ति बाधित
- आक्रोशित लोगों ने नगर पालिका परिषद पहुंचकर दिया धरना

**अमृत विचार:** नगर के कूष्मांडा नगर मोहल्ले समेत कई वार्डों में तीन दिन से पेयजल आपूर्ति बाधित है। आक्रोशित लोगों ने सभासद के नेतृत्व में सोमवार दोपहर नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर हंगामे के साथ धरना दिया। ईओ ने लोगों को आश्वस्त किया कि टैंकर से घर-घर पानी पहुंचाने के साथ समय से जल आपूर्ति की जाएगी। जलापूर्ति दुरुस्त करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

नगर के कई वार्डों में तीन दिन से पेयजल आपूति बाधित चल रही है। पर्याप्त जलापूर्ति न होने से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नगर के कूष्मांडा नगर और बसंत विहार मोहल्ले के कुछ हिस्सों में सबसे ज्यादा पेयजल की समस्या है। लोगों ने बीते दिनों समाधान दिवस के साथ नगर पालिका अध्यक्ष और ईओ से शिकायत की थी, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। लोग बराबर पानी के लिए तीन दिन से जूझ रहे हैं।


घाटमपुर नगर पालिका में पानी के लिए धरना देते लोग। अमृत विचार

सोमवार दोपहर आधा सैकड़ा लोगों ने नगर पालिका पहुंचकर पेयजल आपूर्ति करने की मांग को लेकर धरना दिया। नगर पालिका के ईओ डॉ. महेंद्र कुमार ने लोगों को घर-घर टैंकर पहुंचा कर पेयजल की आपूर्ति करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि तिराहे पर नई पाइप लाइन डाली जाएगी, जिससे लोगों को जलापूर्ति की समस्या से निजात मिलेगी। इस दौरान यहां कई वार्डों के सभासद भी मौजूद रहे।

## खलिहान में धधकी आग, फसल जलकर हुई राख

**घाटमपुर।** सजेती थाना क्षेत्र अज्योरी गांव के खलिहान में आग लगने से लाही की फसल जलकर राख हो गई।

अज्योरी निवासी बीरेंद्र निषाद के एक बीघा खेत की कटी लाही के गट्ठर बंधे खलिहान में रखे थे। तभी सोमवार दोपहर दो बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। आस पास के लोगों ने आग की ऊंची लपटें देख शोर मचाया और बाल्टियों से पास लगे। हैंडपंप से पानी व पास के एक निजी स्कूल से समरसेबिल चलाकर आग बुझाने का प्रयास किया गया ।लेकिन आग ने इतना विकराल रूप ले लिया था। कि लोगों के आग बुझाते- बुझाते एक बीघा लाही के गट्ठर जलकर राख हो गए बीरेंद्र ने यह एक बीघा खेत जितेन्द्र सचान से बलकट लिया था। किसान बीरेंद्र का आग से लगभग 20 हजार का नुकसान हुआ है।

# करन हत्याकांड: मुख्य आरोपी संजय धरा गया

संवाददाता, घाटमपुर

- शराब पिलाने के बहाने साथ ले जाकर हत्या कर दी थी

**अमृत विचार:** सजेती थाना क्षेत्र के बिलगांव में गुरुवार को सुबह 9 बजे घर से निकले युवक का शव गांव के कुछ दूर खेत पर पड़ा मिला था। रविवार को पिता की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर दो लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया था। आरोपियों की तलाश में पुलिस ने सोमवार को संजय कुमार को जेल भेजा है।

सजेती क्षेत्र के बिलगांव निवासी प्रेम सिंह पुत्र छेदालाल ने पुलिस को प्रार्थना पर देकर बताया था कि उसका लड़का सोनू उर्फ करन 13 मार्च को गांव के संजय उर्फ लंबू पुत्र हजारी व नरसिंह पुत्र देशराज के साथ निकाला था। करीब 1 बजे दिन में संजय से अपने बेटे के बारे में पूछा तो उसने बताया कि करन खेत पर सो रहा है। जब वह तलाश करते हुए वहां पहुंचा तो धीरपुर गांव के रहने वाले राम सजीवन संखवार के खेत पर उसके के पुत्र की लाश पड़ी थी। पिता ने आरोप लगाते हुए कहा कि बेटे सोनू उर्फ करन का गांव के ही संजय की पुत्री से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी रंजिश के कारण आरोपी संजय शराब पिलाने के बहाने उसे बहला-फुसलाकर अपने मित्र नरसिंह के साथ खेतों की तरफ ले गया और दो अज्ञात साथियों के साथ गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई। पिता की तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर थाना अध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने दो नामजद व दो अन्य के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी संजय उर्फ लंबू को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## सार-संक्षेप


छात्र को ढूंढकर पुलिस ने मां-बाप के सुपुर्द किया। अमृत विचार

### घर से लापता छात्र को पुलिस ने बरामद किया

**सरसौल।** नरौरा निवासी कमलेश का 13 वर्षीय बेटा हिमांशु कक्षा सातवीं का छात्र है। शनिवार दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे घर से अचानक गायब हो गया। हर जगह खोजने के बाद भी जब उसका पता नहीं चला तो पिता कमलेश ने नर्वल थाने पहुंचकर अपहरण की आशंका जताते हुए एफआईआर दर्ज कराई। छात्र अपने साथ घर से पैसे और एक मोबाइल भी ले गया था। रविवार को पुलिस ने उसे पाली से छतमरा जाने वाले मार्ग से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। एसओ राजेश सिंह ने बताया कि अपहरण का मामला दर्ज करने के बाद पुलिस लगातार खोजबीन में जुटी थी। रविवार को उसे सकुशल घरवालों तक पहुंचा दिया गया।

### गालीगलौज का विरोध करने पर दंपति को पीटा

**सरसौल।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के महोली निवासी आशीष कुमार ने आरोप लगाया कि गुरुवार शाम वह घर के पास खड़ा था। इसी दौरान गांव के ही रमेश, ललिता और उनका एक रिश्तेदार सुरेश बेवजह गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने उसे लाठी-डंडों और लात-घूंसों से पीट दिया, जिसमें उसका सिर फट गया। बीचबचाव करने आई उसकी पत्नी मंजू को भी चोट आई। एसओ सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**अनदेखी** पर्चा काउंटर से लेकर जच्चा-बच्चा वार्ड तक नजर आता कूड़ा-कचरा

# बिधनू अस्पताल में गंदगी, सेहत को खतरा

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार:** मरीजों का इलाज करने वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुद बीमार है। अस्पताल में पर्चा काउंटर से लेकर जच्चा-बच्चा वार्ड तक गंदगी फैली है, जो सेहत के लिए खतरा है। चारों तरफ गंदगी से बीमारों के साथ जच्चा-बच्चा में संक्रमण फैलने का खतरा है। इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन इसके प्रति बेफिक्र है।

बिधनू अस्पताल में हर रोज 500 से अधिक मरीज पहुंचते हैं। इनमें से 50 से अधिक मरीजों के साथ जच्चा-बच्चा को भर्ती किया जाता है। अस्पताल में फैली गंदगी मरीजों की मुश्किल बढ़ा रही है। शुक्रवार को 'अमृत विचार' की टीम ने अस्पताल में सफाई व्यवस्था पर पड़ताल की। इस दौरान इमरजेंसी वार्ड के शौचालयों से नाली में सीवर बहता मिला, जिससे बीमारियां पनपने का खतरा है। इससे उठने वाली दुर्गंध से मरीज बेहाल हैं। वार्ड में मच्छरदानियां भी नहीं लगीं। जच्चा-बच्चा वार्ड के बाहर पीछे की तरफ बिखरे और सड़ रहे कूड़े से नवजात और प्रसूताओं में संक्रमण फैलने का खतरा है।


बिधनू सीएचसी में गंदगी की एक बानगी। अमृत विचार

खास बात यह है कि कायाकल्प की टीम 28 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची थी। गंदगी और अव्यवस्थाओं को अनदेखा कर वापस लौट गई थी।

वहीं सीएचसी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज सचान का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र में कोई अव्यवस्था नहीं है। साफ सफाई बराबर कराई जा रही है। मच्छरदानी की व्यवस्था हर वार्ड में है। 28 फरवरी को कायाकल्प टीम आई थी और यहां की साफ सफाई रखरखाव से संतुष्ट होकर गई।

### कायाकल्प अवार्ड में शामिल

जिले के सात स्वास्थ्य केंद्र कायाकल्प अवार्ड 2021-2022 में चयनित किए गए थे। इनमें भीतरगांव, सरसौल, बिल्हौर, कल्याणपुर, शिवराजपुर, घाटमपुर और बिधनू सीएचसी शामिल थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीतरगांव को 1.25 लाख और अन्य सीएचसी को एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया था।

### सीएचसी को मिले 70 अंक

बिधनू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. एसपी यादव ने बताया कि कायाकल्प टीम द्वारा बिधनू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 70.29 अंक दिए गए हैं। पुरस्कार के रूप में सीएचसी को एक लाख रुपये मिले थे। इस धनराशि का 75 प्रतिशत चिकित्सालय के रखरखाव एवं कमियों दूर करने में और 25 प्रतिशत धनराशि कर्मचारियों को उत्साहवर्धन के लिए पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई थी।

## चोर को दबोचा गया रूरा पुलिस ने छोड़ा

**रूरा।** बनीपारा जिनई के मेले में चोरी करने वाले आरोपी को दुकानदारों ने पकड़कर डायल 112 पुलिस के हवाले किया था, लेकिन रूरा पुलिस ने उसे छोड़ दिया। हल्का इंचार्ज किसानों का विवाद बता रफा-दफा करने में जुट गए, लेकिन डायल 112 पुलिस की कार्रवाई ने पोल खोलकर रख दी।

करीब एक हफ्ते पहले रोशनमऊ व सिमरामऊ के मंदिरों में घंटे चोरी हुए थे। बचीतपुरवा में सीआरपीएफ जवान के घर लाखों की चोरी का खुलासा नहीं हो सका है। ऐसे में लोग काफी सतर्कता बरत रहे हैं। बनीपारा जिनई में लगे मेले की दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आशीष निवासी बंशीनिवादा को दुकानदारों ने रविवार को पकड़ कर डायल 112 पुलिस के हवाले किया था। डायल 112 पुलिस उसे रूरा थाना ले गई थी, लेकिन बिना कार्रवाई उसे सोमवार को छोड़ दिया गया।

# रंगोली सजा मतदान का संदेश

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार:** डॉ. राजेंद्र नाथ इंटर कॉलेज मुस्ता में नेहरू युवा केंद्र की ओर से मतदाता जागरूकता पर रंगोली प्रतियोगिता एवं मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बताया गया कि निबंध, रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन, जागरूकता रैली, मतदाता शपथ आदि के माध्यम से ग्रामीणों को एवं युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में सोमवार को डॉ राजेंद्र नाथ इंटर कॉलेज मुस्ता मे रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान के लिए सभी को प्रेरित किया गया। प्रतिगोयिता में कुर्मीखेड़ा की मुस्कान प्रथम स्थान रहीं। द्वितीय स्थान पर मुस्ता की काजल रहीं।। तृतीय स्थान पर इंधना की आशा रहीं। बालक वर्ग में प्रखर मुस्ता की टीम ने जीत हासिल की। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर विद्यालय के प्रधानाचार्य आयुष कटियार ने सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य को विनय त्रिपाठी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर युवाओं द्वारा स्लोगन वोट हमारा है अनमोल कभी न लेंगे इसका मोल करें राष्ट्र का जो उत्थान करें उसी को हम मतदान, जागो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता, सारे काम छोड़कर सबसे पहले वोट दें, वोट हमारा है अनमोल कभी न लेंगे इसका मोल आदि नारों के माध्यम से भी अधिक से अधिक मतदान करने के प्रति प्रेरित करने का कार्य किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य आयुष कटियार उत्कर्ष शुक्ला, प्रदीप कटियार, राम कृपाल यादव, श्रीकृष्ण, शत्रुघ्न, सुधीर, शिखा, पूनम प्रजापति आदि युवा एवं महिला मंडल के सदस्यों ने कार्यक्रम में भाग लिया।


मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत रंगोली प्रतियोगिता हुई। अमृत विचार

# रफ्तार की मार: हादसों में युवक और अधेड़ की मौत, चार घायल

## सदर कोतवाली, अचलगंज और सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



पोस्टमार्टम हाउस में गमगीन बैठीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर-लखनऊ हाईवे पर अलग-अलग हुए सड़क हादसों में युवक और एक अधेड़ की मौत हो गई। इसमें अचलगंज थाना क्षेत्र में हुए हादसे में जान गवाने वाले अधेड़ की शिनाख्त नहीं हो पाई। इस पर पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया। वहीं सोमवार को ही सदर कोतवाली अंतर्गत हाईवे पर ट्रैक्टर की ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में हुए हादसों में दो महिलाओं व एक बच्चे सहित चार लोग घायल हो गए।



सूरज सिंह।

**केस 01** औरास थानाक्षेत्र के रामपुर गढ़ेवा निवासी सूरज सिंह (28) पुत्र राकेश अपनी डीसीएम से भाड़ा ढोता था। रविवार को भाड़ा खाली करने के बाद डीसीएम कानपुर ट्रांसपोर्ट नगर में खड़ी कर घर लौटा था। सोमवार सुबह वह कानपुर जा रहा था। सुबह करीब नौ बजे कानपुर-लखनऊ हाईवे पर सदर क्षेत्र के शेखपुर नरी गांव के पास धान कुटाई की मशीन बांधे ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वह गभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास मिले आधार कार्ड व मोबाइल से परिजनों को सूचना देने के साथ शव मोर्चरी में रखवाया गया। जानकारी पर बदहवास परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शव देख बिलख उठे। युवक तीन भाइयों में बड़ा था। उसकी मौत से मां गुड्डी भाई, चंदन, राज और बहन आरती बेहाल रहीं। परिजनों के मुताबिक बहन आरती का इसी माह रिश्ता पक्का हुआ था। 11 जुलाई को उसकी बारात आनी थी।

**केस 02** अचलगंज थानांतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर रविवार देरात गहरा गांव स्थित दुर्गा ढाबा के सामने करीब 45 वर्षीय अधेड़ सड़क पार करते समय कानपुर की ओर से आ रहे वाहन ने रौंद दिया। पेट पर से पहिया निकलने से उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और उसकी पहचान के प्रयास किए। सफलता न मिलने पर शव मोर्चरी में रखवा दिया गया। दरोगा रवी मिश्र ने बताया कि आसपास के लोगों के मुताबिक वह मानसिक बीमार था और कई दिन से इसी क्षेत्र में घूम रहा था। पहचान के लिए शोसल मीडिया की मदद ली जा रही है।

**केस 03** **सफीपुर।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के शेरपुर कला गांव निवासी रामबिलास (55) की सास रामरानी का सोमवार को निधन हो गया। इसकी सूचना पर वह अपनी पत्नी सरोजनी को लेकर सफीपुर कोतवाली क्षेत्र मंव अपनी ससुराल जा रहा था। आसीवन थानाक्षेत्र के चौधरी खेड़ा पुलिया के पास सामने से तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दंपती गंभीर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी लाया गया। जहां से महिला को गंभीर देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के दरौली गांव निवासी धुरु अपनी पत्नी चांदनी व तीन वर्षीय बेटे को सफीपुर सीएचसी इलाज के लिए लाया था। दवा लेकर घर लौटते समय कोतवाली क्षेत्र के ही उन्नाव-हरदोई मार्ग पर एक ढाबे के सामने ओवरटेक करते समय उसकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। इसमें महिला व उसका तीन वर्षीय बेटा शिवा गंभीर घायल हो गये।

## आत्महत्या को प्रेरित करने वाला गिरफ्तार

**नवाबगंज।** कस्बा स्थित शीतल गंज मोहल्ला निवासी कमल राजपूत की 23 वर्षीय बेटी संध्या का शव बीती 15 अप्रैल की देरशाम संदिग्ध परिस्थिति में पंखे से फांसी के फंदे में लटकता मिला था। परिजनों ने मोहल्ले के शिवम पर उसकी हत्या का आरोप लगाया था। शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस से शव लेकर बड़ी संख्या में लोगों के साथ परिजनों ने अजगैन कोतवाली पहुंचकर प्रेमी शिवम के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की थी। पुलिस ने युवक के विरुद्ध आत्महत्या के लिये प्रेरित करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी। कोतवाली निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शिवम को बीती रात नवाबगंज से गिरफ्तार किया गया।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत

संवाददाता सफीपर उन्नाव



महिला की मौत के बाद गमगीन खड़े बच्चे और परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बहन के घर मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने आई महिला की अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें बीमारी से मौत होने की बात सामने आई है। मायके वालों ने पति पर इलाज नहीं कराने का आरोप लगाया। लेकिन इसकी लिखित शिकायत नहीं की।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर खुर्द गांव निवासी प्रेमचंद्र की पत्नी गुड़िया (35) तीन दिन पहले अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कुशहरी गांव निवासी अपनी बहन कुसमा के घर मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। रविवार रात उसके सीने में दर्द पर उसे सीएचसी फिर जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

अजगैन के शीतलखेड़ा गांव निवासी दिवंगत महिला के भाई लालता, रामसनेही, अशोक ने शव का पोस्मार्टम कराने की बात कही। तहरीर के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें बीमारी से उसकी मौत होने की पुष्टि हुई। मां की मौत से तीन बेटियां प्रांशी, नैंसी, नयना व बेटा प्रांशु रो-रोकर बेहाल रहा।

# रास्ते के विवाद में भिड़े दो पक्ष, पांच गंभीर घायल

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भिखारीपुर पतासिया के मजरा गढ़ेवा में रास्ते के विवाद को लेकर एक पक्ष के करीब एक दर्जन लोगों ने लाठी-डंडों से विपक्षी परिवार पर हमला कर दिया। इसमें एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। घायलों में से तीन को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को फंसाने के लिए अपनी-अपनी फूस की झोपड़ी में आग भी लगा दी।

गढ़ेवा गांव में रास्ते को लेकर रामनाथ व रामपाल के बीच अरसे से विवाद चला आ रहा है। बीते रविवार पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को रास्ते के मामले में यथास्थिति बनाए रखने की हिदायत भी दी थी। सोमवार को इसी रास्ते को लेकर दोनों पक्षों में दोबारा कहासुनी होने लगी। इसके बाद रामपाल, जीत, विलास, चैन कुमार, सनेही, विष्णू, मूलचंद्र व गोकुल सहित एक दर्जन लोगों ने लाठी-डंडों से रामनाथ व उसके परिजनों पर हमला कर दिया। इसमें रामनाथ, महदेई, शांती, कमलेश व रोशनी घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को फंसाने के लिए अपने-अपने गोड़े पर रखी फूस के झोपड़ियों में आग लगा दी। आग से दोनों झोपड़ियां जलकर खाक हो गईं। पुलिस घायलों को अस्पताल लाई, जहां चिकित्सकों ने रामनाथ व उसके पुत्र कमलेश और पुत्री रोशनी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### संतुलन बिगड़ने से छत से गिरी महिला, अस्पताल में भर्ती

**बांगरमऊ।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव तेरवा जहांगीराबाद निवासी हरिपाल की पत्नी केशाना सोमवार को घर की छत पर झाड़ू लगा रही थी। तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह जमीन पर आ गिरी। इसमें वह गंभीर घायल हो गई। परिजन आनन-फानन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# पुण्यतिथि पर याद आए शहीद शशिकांत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



शहीद की फोटो पर पुष्प अर्पित करते निवर्तमान सांसद साक्षी महाराज।

**अमृत विचार।** 18 मार्च 2019 में दंतेवाड़ा छत्तीसगढ़ में नक्सली हमले में शहीद हुए शशिकांत तिवारी की चौथी पुण्य तिथि पर नर सेवा नारायण द्वारा उनके आवास उन्नाव कब्बाखेड़ा ओमनगर में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में निवर्तमान सासंद डा सच्चिदानंद साक्षी महराज पहुंचे, संस्था के संथापक विमल द्विवेदी के साथ शहीद के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया।

वीर नारी अनीता तिवारी व उनके बेटे देवांस तिवारी को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए शहीद की पत्नी वीर नारी अनीता तिवारी द्वारा बताया गया कि पांच वर्ष पूर्व जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के द्वारा किये गए वादे नहीं किये गए पूरे जिसमे शहीद स्मारक, शहीद द्वार व भूमि आवंटन सहित अन्य कई वादे किये गए थे जो अभी तक पूरे नहीं हुए। विमल द्विवेदी ने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियो सहित हम सब की जिम्मेदारी है की शहीदों के परिजनों के सुख दुःख में खड़े हो और उनकी मांगों को प्राथमिकता से पूरा किया जाना चाहिए हम सब उनके साथ है।

इस अवसर पर सदर विधायक पंकज गुप्ता के सुपुत्र प्रखर गुप्ता, प्रदीप सिंह, जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, राघवेंद्र पांडेय, सुरेश सिंह, योगेंद्र तिवारी, अनिल सोनी, मनीष अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने नहीं की कार्रवाई तो आयोग में हुई शिकायत

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- मजदूरी मांगने पर दबंग ने कर दी थी श्रमिक की पिटाई

**अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में दलित मजदूर द्वारा मजदूरी मांगने पर दबंग ने मजदूर की पिटाई कर दी। पिटाई से वह गंभीर घायल हो गया। दलित मजदूर ने बेहटा थाने में घटना की तहरीर दी है। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय उसे इलाज कराने की सलाह देकर चलता कर दिया। अंत में पीड़ित ने अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

बेहटा मुजावर थानांतर्गत गांव हसनापुर निवासी कैलाश पुत्र सुमेर ने अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष को पत्र भेजकर बताया कि बीती 22 फरवरी को उसने गांव निवासी कृपा शंकर मिश्रा पुत्र भैया लाल के घर में मजदूरी की थी। काम पूरा होने के बाद जब उसने मजदूरी के पैसे मांगे तो कृपा शंकर ने उससे गालीगलौज किया।

विरोध करने पर उसने उस पर लोहे की राड व धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। पीड़ित ने बेहटा मुजावर थाने में घटना की तहरीर दी। लेकिन, पुलिस ने कार्रवाई के बजाय उसे इलाज कराने की सलाह दी। पीड़ित मजदूर ने अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष को पत्र लिखा है।

# 60 किलो गांजा के साथ पांच हत्थे चढ़े

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**अमृत विचार।** मुखबिर की सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस ने एसओजी व सर्विलांस टीम की मदद से कार सवार पांच लोगों को पकड़ा। इनके पास 7.50 लाख कीमत का 60 किलो मादक पदार्थ (गांजा) बरामद हुआ। पुलिस ने कार को सीज कर सभी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में सोमवार को प्रेसवार्ता में बताया कि लंबे समय से मादक पदार्थ की तस्करी की सूचना पर पुलिस सक्रिय थी और तस्करों की सुरागकशी में लगी थी। मुखबिर की सूचना पर एसएचओ कोतवाली प्रमोद मिश्रा, एसओजी प्रभारी शरद कुमार व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम सदर क्षेत्र के कानपुर-लखनऊ हाईवे पर जी-स्कूल के पास वाहन चेकिंग में लगी थी। तभी एक सफेद रंग की कार को रोक कर उसमें बैठे पांच लोगों से पूछताछ की गई। संदेह होने पर पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें 60 किलो गांजा मिला। पकड़े गए लोगों में अनुराग पुत्र योगेश निवासी लालीहार अचलगंज, सचिन पुत्र शिवकुमार वर्मा निवासी बाजीखेड़ा पुरवा, करीम मोहम्मद पुत्र मजीद निवासी पासाखेड़ा पुरवा, मुशीर अली पुत्र अली हसन निवासी जोरावरगंज असोहा व सुरेंद्र पुत्र स्व. जगरूप प्रसाद निवासी बाजीखेड़ा पुरवा शामिल थे। सभी ने लंबे समय से मादक पदार्थ की तस्करी करने की बात स्वीकार की।

## चारा काटने वाली मशीन से कटा पंजा डाक्टरों ने जोड़ा

**बांगरमऊ।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव अमीरपुर नेवादा निवासी अजयवीर सिंह का 11 वर्षीय बेटा अंशू सोमवार को दरवाजे पर स्थित चारा काटने की मशीन से खिलवाड़ करने लगा। तभी अचानक उसके दाहिने हाथ का पंजा मशीन के गंड़ासे की चपेट आ गया। इसमें उसके दाहिने हाथ का पंजा कट गया।

परिजन उसे लहूलुहान हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने उसके कटे पंजे को टांके लगाकर जोड़ दिया। किशोर का इलाज अभी भी सरकारी अस्पताल में जारी है।

# दरोगा बनी बिटिया, खुशी से छलकीं मां की आंखें

संवाददाता, नवाबगंज



मां के साथ आकांक्षा।

**अमृत विचार।** नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र के अजगैन गांव निवासी आकांक्षा पुत्री स्व. कृष्ण कुमार मिश्रा को बीते शनिवार मुरादाबाद में आउटिंग परेड में शामिल होने के बाद दरोगा के पद पर नियुक्ति मिली है।

रविवार को इसकी जानकारी क्षेत्रवासियों को हुई तो उसके घर पहुंच सभी ने आकांक्षा को शुभकामनाएं दीं। आकांक्षा की मां जयंती मिश्रा ने बताया कि आकांक्षा ने बीएससी की पढ़ाई की थी। जिसके साथ वह यूपी पुलिस में नौकरी के लिये तैयारी कर रही थी। बताया कि अप्रैल-2021 में इसके लिये फार्म भरा था और अन्य चरणों को पूरा करने के बाद वह मार्च-2023 में ट्रेनिंग के लिये मुरादाबाद गई थी। इस दौरान उसके पिता कृष्ण कुमार की बीमारी के चलते मौत हो गई थी।

आकांक्षा चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर की संतान है। बड़ी बहन दीक्षा भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। वहीं छोटी बहन अंकिता व भाई वैभव पढ़ाई कर रहे हैं। क्षेत्र की बेटी के दरोगा बनने पर मा जयंती मिश्रा, बहन दीक्षा व अंकिता, भाई वैभव समेत गांव वासियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी जाहिर की।

### किसान का बेटा बना दरोगा, गांव में खुशी

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के मझरा पीपर खेड़ा गैर एहतमाली में रहने वाले किसान का बेटा दरोग बना। जिस पर गांव में रहने वाले लोगों में खुशी देखी गई। वहीं परिजन खुशी से गदगद हो गये। बदुआ खेड़ा निवासी लालबहादुर निषाद का बेटा अजय निषाद ने पहले ही प्रयास में वर्ष 2022 में लेखपाल और दरोगा की परीक्षा पास की। एक साल से मुरादाबाद पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में दरोगा की ट्रेनिंग की। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद दीक्षांत समारोह में पिता और चाचा बीपी निषाद शरीक होने पहुंचे। जहां अजय को वर्दी में देख वह फूले नहीं समाये। वहीं ट्रेनिंग के बाद आजमगढ़ जिले में पहली पोस्टिंग के लिये रवाना किया गया है। अजय ने अपने पिता और मा सुनीता को इसका श्रेय दिया हैं। वहीं अजय के दरोगा बनने पर गांव के लोगों ने भी खुशी जाहिर की है।



दरोगा अजय के साथ खड़े पिता और चाचा।

## सार-संक्षेप

### शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान के लिए फोर्स का फ्लैग मार्च

**पुरवा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान कराने को लेकर सोमवार को पुरवा व मौरावां क्षेत्र में एसडीएम व सीओ ने कोतवाली प्रभारियों के साथ बीएसएफ ने साथ नगर में फ्लैग मार्च किया रनवीर सिंह, सीओ सोमेंद्र विश्वास व मौरावां व पुरवा कोतवाली प्रभारी राजेश यादव के साथ कंपनी कमांडर राज नारायण सिंह के नेतृत्व में बीएसएफ ने नगर के बस स्टेशन, जिंदाबाडी, खानजादा, राजाबाजार, दलीगढ़ी, जोतपुर, कस्टोलवा, शीतलगंज, दुर्गापुर, मिर्रीचौराहा पर फ्लैग मार्च कर शांति व निर्भीक मतदान के लिए संदेश दिया। एसडीएम रनवीर सिंह व सीओ सोमेंद्र विश्वास ने लोगों से कहा कि बिना भय के मतदान करें। कहीं कोई समस्या आती है तो पुलिस को सूचना दें।

### चोरों ने प्राइमरी विद्यालय में बोला धावा, पार किया सामान



**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रैपुरा स्थित प्राइमरी विद्यालय की प्रधान शिक्षक शोभनाथ वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार सुबह विद्यालय में कार्यरत रसोईयां ने फोन कर सूचना दी कि विद्यालय के कमरों व किचन का ताला टूटा हुआ है और कमरे में रखे दो टैबलेट, गैस भट्ठी, दो बोरी गेहूं आदि सामान गायब हैं। जिस पर सोमवार सुबह विद्यालय पहुंचकर देखा तो विद्यालय में चोरी होने की बात सामने आई है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**खत्म होती परम्पराएं** — अधिकांश गांवों में बंद हो चुकी लोकगायन की परंपरा, चौपालों पर फाग की महफिल गुजरे जमाने की बात

# अब कहीं नहीं सुनाई देते ढोलक की थाप पर फाग के राग

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** फैशनपरस्ती ने त्योहारों पर चलन में रहे लोकगीतों को चलन से बाहर कर दिया है। इससे शहर सहित अधिकांश गांवों में भी मस्ती के त्योहार होली पर फाग गायन की परंपरा गुजरे जमाने की बात बन चुकी है।

करीब तीन दशक पहले तक सीमा विस्तार के साथ शहर का हिस्सा बनने वाले अकरमपुर व सिंगरोसी के आसपास की आबादियों में होली का डांढ़ गाड़ने के साथ ही बड़े-बुजुर्ग शाम के समय किसी स्थान पर फाग मंडली सजाते थे। यहां देर रात तक ढोलक, झांझ व मजीरों की धुनों के साथ होली से संबंधित लोक गायन करते रहते थे। स्थानीय निवासी अधिकांश परिवार इसका हिस्सा बनते थे, लेकिन शहर का विस्तार होने के साथ ही शहरी कहलाने वाले युवाओं का रुझान कम होता चला गया। इससे अब यहां बुजुर्गों से फाग गायन की कहानियां ही सुनीं जा सकती हैं। यही नहीं जिंदगी की जद्दोजहद ने अधिकांश गांवों में भी फाग गायन की रश्म अदायगी ही की जाती है। पहले जहां काफी पहले से फाग की स्वरलहरी गूंजना शुरू हो जाती थी। वहीं रोजी-रोजगार के लिए पलायन से भी यह परंपरा सिमटती रही। परिवारों में बंटवारा होने से छोटी होती रही जोत की वजह से गृहस्थी चलाना संभव नहीं रहा। इसलिए कोई दूसरे राज्यों में जाकर नौकरी सहित मेहनत-मजदूरी कर रहा है तो किसी ने आमदनी का जरिया बढ़ाने के लिए छोटा-बड़ा कारोबार डाल रखा है।

### फाग की जगह भोजपुरी गीतों की गूंज

अब सभी हाथों में रहने वाले मोबाइल पर जी चाहते ही फिल्मी गाने सुनते रहते हैं। वहीं दिल्ली-मुम्बई सहित अन्य बड़े शहरों से वापस गांव पहुंचने वालों को लोक गायन पिछड़ापन महसूस होता है। इसलिए त्योहारों पर शहर से लेकर कस्बों सहित अधिकांश गांवों में फाग के बजाए डीजे या साउंड सिस्टम पर फिल्मी सहित भोजपुरी गीत सुनाई देते हैं। त्योहार मनाने गांव आने वाले लगभग सभी प्रवासी युवा पूरे दिन इयर फोन लगाकर घूमते रहेंगे, लेकिन फाग पार्टी की ओर रुख नहीं करेंगे।

### बुजुर्गों की जुबानी



सोनिक निवासी रविंद्र सिंह कहते हैं कि यह बदलता भारत है, जहां सभी की व्यस्तताएं बढ़ चुकी हैं। इसलिए परंपराओं का निर्वहन करने के बजाए लोग अपनी बेहतरी को ही समय देना चाहते हैं।

–रविंद्र सिंह



पड़री निवासी बच्चा शुक्ला ने बताया कि गांव में फाग तो होता है, लेकिन अब लोगों का इसमें रुझान नहीं रहा है। युवा पीढ़ी फाग के बजाए मोबाइल पर मनचाहा गीत सुनना पसंद करती हैं।

–बच्चा शुक्ला

# राष्ट्र पर अभियान, आओ करें मतदान

संवाददाता, बांगरमऊ (उन्नाव)




राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले मतदान की अपील करते छात्र-छात्राएं।

**अमृत विचार।** स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सदानन्द राय की अध्यक्षता व कार्यक्रम अधिकारी डा. धर्मेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के छठे दिन का शुभारंभ लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए से किया गया। इसके बाद स्वयं सेवक टोलियों में प्रौढ़ शिक्षा के लिए गये। सैय्यदबाड़ा के प्रौढ नागरिकों को अक्षर ज्ञान कराया। गणित के अंकों की जानकारी दी तथा उन्हें हस्ताक्षर करने का अभ्यास भी करवाया। इसके पश्चात मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

स्वयं सेवकों ने पहले मतदान फिर जलपान, अपना वोट देश के लिए, भारत भाग्य विधाता है, मतदान ही सफलताओं का निर्माता है, भारत राष्ट्र पर करके अभियान, आओ मिलकर करें मतदान के नारे लगाते हुये मोहल्ले में भृमण किया। इस दौरान स्वयं सेवकों ने सभी से मतदान करने की अपील की। द्वितीय सत्र में प्राकृतिक शिक्षा व योग पर व्याख्यान के राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय से योग गुरु हरिओम पधारे। उन्होंने विभिन्न प्रकार के आसन व उनसे होने वाले लाभों के विषय में बताया। उन्होंने नेत्र ज्योति बढ़ाने के टिप्स दिये। उन्होंने एक्यूप्रेशर चिकित्सा की प्रक्रिया को समझाया। साथ ही आयुर्वेद के अंतर्गत हल्दी, अदरक, नींबू व ऐलोवेरा के उपयोग बताये।

# धारदार हथियार से युवक का सिर काट कर हत्या, नहीं हुई पहचान

## औरास थाना क्षेत्र के जमाल नगर गांव के पास रोड किनारे खंती में पड़ा मिला शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** औरास थानाक्षेत्र के जमाल नगर गांव के पास बरमबाबा टीले पर बने मंदिर में कुछ समय से रह रहे युवक का सिर कटा शव सोमवार देरशाम पड़ा मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लोगों के अनुसार वह दुकान से सामान खरीदकर देरशाम लौट रहा था तभी उसकी धारदार हथियार से हत्या कर शव सड़क किनारे खंती मे फेंक दिया गया। लोगों की सूचना पर औरास पुलिस पहुंची और जांच की। युवक की अभी पहचान नहीं हो पाई है। वहीं हत्या की सूचना पर एएसपी व सीओ ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की।

औरास थानाक्षेत्र के मोहान मार्ग स्थित जमाल नगर गांव के बाहर बने बरमबाबा टीले के मंदिर पर बीते कुछ समय से एक अज्ञात युवक रह रहा था। सोमवार शाम वह कुछ सामान खरीदने गांव की दुकान पर गया था। वहां से लौटते समय किसी ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। बताते हैं कि इसमें उसका सिर धड़ से अलग हो गया। शव सड़क किनारे खंती में पड़ा देख राहगीरों में सनसनी फैल गई। सूचना पर एसओ औरास रेखा सिंह फोर्स के साथ पहुंची और जांच की और घटना की जानकारी अधिकारियों को दी। सूचना पर एएसपी प्रेमचंद और सीओ ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। पुलिस दिवंगत की शिनाख्त के प्रयास में जुटी है। वहीं चर्चा रही कि चेला बनने की प्रतिद्वंदिता में हत्या की गई है। एक युवक को लोगों ने बांका हाथ में लिए देखा भी था। लेकिन फिलहाल अभी वह फरार चल रहा है। वहीं पुलिस अफसर अभी जांच चलने की बात कह रहे हैं। एएसपी ने बताया कि टीले पर बने मंदिर में बबलू नाम का बाबा रहता था। बीते 15 दिनों से उसके साथ एक अन्य युवक रह रहा था। जिसकी सोमवार देरशाम हत्या कर दी गई है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।



घटनास्थल पर जांच करते एएसपी व सीओ। अमृत विचार

- हत्या की सूचना पर एएसपी सीओ ने औरास एसओ के साथ मौके पर जांच की

### शिक्षक आज नहीं करेंगे मूल्यांकन

**उन्नाव।** मुजफ्फरनगर में सिपाही की गोली का शिकार हुए शिक्षक के निधन के विरोध में माध्यमिक शिक्षक संघ ने मंगलवार को बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार का आह्वान किया है। बहिष्कार सफल रहने पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पिछड़ने को लेकर मूल्यांकन केंद्र प्रभारियों सहित विभागीय अधिकारियों के चेहरों पर चिंता की लकीरें दिखाई दे रही हैं।

बहिष्कार को सफल बनाने की अपील करने वालों में संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, जिलामंत्री शैलेश पाल, आरपी धारिया, कौशल किशोर मिश्र, उमाशंकर तिवारी, सतीश चंद्र मिश्र व हनुमंत सिंह आदि शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि बनारस से उत्तर पुस्तिकाएं लेकर मुजफ्फरनगर के एचडी इंटर कालेज भेजे गए शिक्षक धर्मेंद्र को 17/18 मार्च की रात आरक्षी द्वारा सरकारी कार्बाईन से चलाई गई गोली लगी थी, जिसे वहां जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था।

# राशन वितरण में सर्वर न आने से कोटेदार व कार्डधारक परेशान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर की सरकारी राशन की दुकानों में सर्वर न आने के कारण कार्डधारओं और कोटेदारों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सर्वर के कारण वितरण नहीं हो पा रहा है। जिससे कोटेदारों की दुकानों में सुबह से शाम तक कार्डधारकों की लाइनें लगी रहती हैं। वहीं होली का त्योहार पास में है। ऐसे में गरीब तबके के लोग राशन से ही घर चलाते हैं। राशन न मिलने से उन लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

शुक्लागंज में 32 सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान हैं। जिसमें 16 हजार से अधिक कार्ड धारक हैं। 15 मार्च से ई-वेइंग मशीन में सर्वर व अन्य तकनीकी दिक्कतें आने से चार दिनों से राशन वितरण नहीं हो पा रहा है। गरीब तबके के लोग जो राशन के सहारे ही अपना परिवार चलाते हैं, ऐसे कार्ड धारक सुबह से ही राशन की दुकानों के बाहर लाइनों में खड़े हो जाते हैं। जहां घंटों इंतजार करने के बावजूद उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है। जिससे उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। राशन लेने पहुंची सर्वोदय नगर रानी पाठक, सावित्री यादव, राजकुमार, मीरा, कमला ने कहा कि नई वितरण प्रणाली लागू कर हम लोगों को परेशान कर रखा है। इससे अच्छे पहले वितरण हो रहा था। वहीं कोटेदारों ने बताया कि सर्वर न आने के कारण मशीन अंगूठा नहीं ले रही है और न ही वजन माप रही है। ई पॉस मशीन से कनेक्ट नहीं हो पा रही है। पूरे दिन में पंद्रह से बीस कार्ड धारकों को राशन बांट पाते हैं। जिससे दुकानदारों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं राशन लेने के लिये दुकानों के बाहर तेज धूप में भी लोग लाइनों में खड़े रहते हैं।



राशन की दुकान में लगी कार्डधारकों की भीड़। अमृत विचार

- सुबह से ही राशन की दुकानों में लग जाती हैं लाइनें

# नायब तहसीलदार के कार चालक के साथ मारपीट

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- दाखिल खारिज के लिए 25 हजार रिश्वत मांगने का आरोप
- दोनों पक्षों ने दी पुलिस को तहरीर

**अमृत विचार।** हसनगंज तहसील में नायब तहसीलदार के चालक और एक अधिवक्ता में विवाद हो गया। अधिवक्ता का आरोप है कि नायब तहसीलदार दाखिल खारिज के लिए 25 हजार रुपए रिश्वत मांग रही थीं। मना करने पर उनके चालक ने उससे मारपीट की। वहीं नायब तहसीलदार ने शराब के नशे में बीते शनिवार को हंगामा करने और चालक से अभद्रता करने और सोमवार को भी सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है।

हसनगंज तहसील क्षेत्र के रसूलपुर बाकियां गांव निवासी अधिवक्ता सुधीर सिंह का आरोप है कि वे सोमवार दोपहर 12 बजे नायब तहसीलदार की कोर्ट में अपने मुवक्किल चंदन बनाम राधेलाल निवासी मटरिया की दाखिल खारिज संबंधी मामले को लेकर गया था। जहां उससे फाइल की सुनवाई के लिए 25 हजार रुपए चालक को देने के लिए कहा गया। मना करने पर अमित ने उससे मारपीट की। उधर नायब तहसीलदार ने पुलिस को दिये प्रार्थनापत्र में बताया कि अधिवक्ता अपने दो अन्य साथियों के साथ शनिवार देरशाम नशे में आए और चालक अमित से अभद्रता की। अधिवक्ता सोमवार को कोर्ट में आकर सरकारी काम में बाधा व चालक से मारपीट करने लगे। एसएचओ चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि दोनों ओर से प्रार्थनापत्र आया है।

# जहरीली गैस की चपेट में आए तीन सफाईकर्मी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** दही थानांतर्गत मोहल्ला शिव नगर में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब वहां स्थित सरकारी छात्रावास के पीछे सीवर टैंक की सफाई करने पहुंचे तीन सफाई कर्मी जहरीली गैस की चपेट में आकर अचेत हो गए। मोहल्ला वासियों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां से सभी को एलएलआर अस्पताल कानपुर रेफर किया गया।

शिव नगर मोहल्ला स्थित डा. आंबेडकर छात्रावास के पीछे सीवर टैंक की सफाई करने गए नगर पालिका के संविदा सफाई कर्मचारियों जितेंद्र (40) पुत्र साहबलाल निवासी नरेंद्र नगर, रामआसरे (48) पुत्र मोहन व पप्पू (35) पुत्र नन्हक्के निवासी पक्का तालाब कृष्णा नगर भेजे गए थे। बिना सेफ्टी किट के सफाई करने के दौरान जितेंद्र जहरीली गैस की चपेट में आकर टैंक में गिर गया। जिसे बचाने में रामआसरे व पप्पू भी गैस की चपेट के आकर अचेत हो गए। वहां मौजूद लोगों के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे और किसी तरह तीनों को टैंक से बाहर निकाला। एंबुलेंस से सभी को जिला अस्पताल लाया गया। जहां सीएमओ डा. सत्य प्रकाश ने तीनों की जांच की। हालत गंभीर देख उन्होंने तीनों को कानपुर के एलएलआर अस्पताल रेफर कराया। घटना की सूचना पर ईओ संजय गौतम, सफाई व स्वास्थ्य निरीक्षक रश्मि पुष्कर व पालिका के अन्य अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। चेयरमैन श्वेता मिश्रा ने बताया कि तीनों सफाई कर्मियों की हालत में अब सुधार है। वे खतरे से बाहर हैं।



जिला अस्पताल में सफाई कर्मियों की जांच करते सीएमओ डा. सत्य प्रकाश।

- सीवर टैंक सफाई के दौरान हुआ हादसा

**अस्पताल की दिखी लापरवाही**

सफाईकर्मियों के मामले में जिला अस्पताल की अव्यवस्थाएं एक बार उस समय फिर उजागर हुईं। जब तीनों सफाई कर्मियों को कानपुर रेफर किया गया। उस समय एक एंबुलेंस का आक्सीजन सिलेंडर ही खाली था। जिसके चलते उसे रेफर करने में देर हुई। दूसरा सिलेंडर लगाने के बाद उसे कानपुर भेजा।

## सार-संक्षेप

### दो वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

**शुक्लागंज उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान गंगाघाट पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग मामलों में वांछित चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उन्हें कोर्ट भेजा है। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि मनसुख खेड़ा निवासी विष्णु, रामगंज पपरिया निवासी राहुल अलग-अलग मामलों में वांछित चल रहे थे। कोर्ट से वारंट जारी होने पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दोनों को गिरफ्तार किया। जहां उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा गया है।

### अर्द्धसैनिक बल के साथ किया रूट मार्च

**शुक्लागंज।** लोक सभा चुनाव और त्योहारों को देखते हुये सोमवार को डीएम, एसपी के निर्देश पर अर्द्धसैनिक बल के साथ गंगाघाट पुलिस ने रूट मार्च किया। जहां लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। सोमवार दोपहर लोकसभा चुनाव, होली व रमजान को देखते हुये गंगाघाट कोतवाल रामफल ने पुलिस कर्मियों व अर्द्धसैनिक बल के साथ नगर के महेश मार्ग, मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा, गोताखोर, राजीव नगर, राजधानी मार्ग समेत कई मोहल्लों में रूट मार्च किया। जहां भारी पुलिस देख लोगों में हड़कंप मच गया।

### 1.92 लाख रुपये खाते में कराए वापस

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला एबी नगर निवासी एक युवक के खाते से साइबर ठगों ने 1.92 लाख से अधिक रुपए पार कर दिए थे। पीड़ित की शिकायत के बाद सक्रिय हुई साइबर सेल ने फ्राड की गई रकम उसके खाते में वापस कराई। साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक अश्वनी मिश्रा ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला एबी नगर निवासी राघवेंद्र द्विवेदी से फ्राड कर एनी डेस्क (रिमोट एप) डाउन लोड कराकर ओटीपी ले ली और उसके क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 92 हजार 907 रुपये पार कर दिए। इस पर साइबर थाना की पुलिस टीम ने धनराशि को ठग के अकांउट में होल्ड करा दिया। कार्रवाई करते हुए पूरी धनराशि पीड़ित के क्रेडिट कार्ड में रिफंड कराई गई।

### चोरी के जेवरों के साथ पकड़ा गया शातिर चोर

**उन्नाव।** हसनगंज कोतवाली पुलिस ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर को पकड़ा है। उसके पास से चोरी के जेवर, नगदी व घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद हुई है। एसएचओ हसनगंज चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर हसनगंज-गजफ्फरनगर पुलिया के पास से शातिर चोर कमलेश उर्फ कमलाकांत पुत्र तेजबली निवासी मलकादिन सरांय हसनगंज कोतवाली को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। जामातलाशी में उसके पास से पायल दो जोड़ी, सुतिया एक, जंजीर एक, कड़ा दो, अंगूठी एक, दो जोड़ी पायजेब, कान की झुमकी एक जोड़ी, नाक की नथुनी एक, नाक की कील चार, लाकेट, पांच जोड़ी बिछिया व नगद 1,040 रुपया बरामद हुआ। पुलिस ने चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त एक बाइक भी बरामद की है। जिसे पुलिस ने एमवी एक्ट के तहत सीज करने के साथ आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



सफीपुर पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### पुलिस ने युवक को दबोचा, तमंचा, कारतूस बरामद

**फतेहपुर चौरासी।** थाना पुलिस ने सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे गांव पंचायत सकरौली के मजरा नयनसुख खेड़ा निवासी सुरेंद्र कुमार को गांव नयनसुख खेड़ा के पास से एक तमंचा व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक राजेश्वर प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि अवैध असलहा के साथ पकड़े गए युवक को कोर्ट में पेश किया गया है। पुलिस ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए आगे भी इस तरह की कार्रवाई होती रहेगी। क्षेत्र में जो भी अपराधी होगा उसको पकड़कर जल्द से जल्द जेल भेजा जाएगा।

# सपा नेत्री की जयंती पर लगा शिविर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सोमवार को दिवंगत पूर्व सपा नेत्री मनीषा दीपक के 52वें जन्मदिन के अवसर पर सहजनी स्थित गंगाश्री महाविद्यालय में बने हॉस्पिटल में तीन दिवसीय मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जहां दो सैकड़ा से अधिक लोगों की निःशुल्क ओपीडी की गई। शिविर में लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

सपा नेत्री मनीषा दीपक के 52वें जन्मदिन को देखते हुये सहजनी स्थित गंगाश्री महाविद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां दिवंगत सपा नेत्री के बेटे सपा विधानसभा प्रभारी अभिनव कुमार ने कार्यकर्ताओं के साथ चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया।

जिसके बाद महाविद्यालय में खुले दीपसा मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल में मेडिकल कैंप का आयोजन हुआ। जहां कैंप में मौजूद डा. करिश्मा अग्निहोत्री, डा. आकाश वर्मा, डा. राहुल, डा. मुशीद, डा. जानेन्द्र, ने कैंप में आये मरीजों का उपचार कर उन्हें दवाएं दी। दीपांशु ने बताया कि तीन दिन चलने वाले मेडिकल कैंप का समापन मंगलवार को किया जायेगा। सोमवार को करीब दो सैकड़ा लोगों की ओपीडी की गई। इस दौरान सपा विधान सभा प्रभारी ने कहा कि उनके दादा मनोहर लाल, पिता दीपक कुमार ने उन्नाव जिले में पिछड़े, दलित, मजलूमों की हमेशा मदद करते चले आ रहे हैं। उन्हीं के दिखाये रास्ते पर वह भी चलकर लोगों की मदद करेंगे। इस मौके पर अनुभव कुमार, मिंटू निषाद, रावेन्द्र कुशवाहा, अंकित यादव, अंशु रावत, भीम यादव, राजकिशोर निषाद आदि लोग मौजूद रहे।



मनीषा दीपक के चित्र पर पुष्प अर्पित करते अभिनव कुमार व कार्यकर्ता। अमृत विचार

- सपा कार्यकर्ताओं ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया याद

### फर्जी नंबर प्लेट से स्कूटी दौड़ा रहे दो युवक पकड़े गए

**सफीपुर।** फर्जी नंबर प्लेट व कूट रचित दस्तावेजों के सहारे स्कूटी दौड़ा रहे दो युवकों को सफीपुर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़ लिया।

कोतवाली के दरोगा अरविंद सिंह रघुवंशी ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर वे टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। तभी चोरी की स्कूटी को कूट रचित कागजों व फर्जी नंबर लगाए मो. अनवार अहमद पुत्र इसरार अहमद निवासी मोहल्ला पीर जादगान व आसिफ पुत्र सहील अहमद निवासी किला बाजार कस्बा सफीपुर को पकड़ा गया।

पुलिस ने उनकी निशानदेही पर सही नंबर प्लेट व स्कूटी का पुराना समान भी बरामद करते हुए उन्हें कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

# रोजेदारों ने देश में अमन खुशहाली की दुआ मांगी

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव



**अमृत विचार।** रमजान माह में रोजदारों द्वारा मस्जिदों व घरों पर तरावीह में शामिल होकर अल्लाह की तिलावत करने का सिलसिला जारी है। मस्जिदों व नगर के मोहल्ला हटिया में पूर्व चेयरमैन इजहार खां गुड्डू के आवास पर तरावीह मुकम्मल हुई। उनके यहां हाफिज मोहम्मद हसनैन ने छठवें रोज की सातवीं तरावीह में कुरान का दौर मुकम्मल किया। बाद नमाज मुल्क में अमन-चैन और भाईचारे की दुआ की गई।

मौलाना फैसल बिलाल जमाई ने कहा कि इस पाक माह की अहमियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अल्लाह ने इसी माह कुरान पाक को नुजूल किया था। इस दौरान इबादत का सवाब 70 गुना तक बढ़ जाता है। इस दौरान मौलाना वारिस, हाफिज लाल मोहम्मद, मुनारे प्रधान, सईद अहमद, रियाज अहमद, सिराज अंसारी, कल्लू, अरशद आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में नगर के मोहल्ला गुलाम मुस्तफा स्थित हुसैनी मस्जिद में हाफिज मोइनुद्दीन कादरी ने तरावीह की नमाज कराई। यहां भी फातिहा के साथ अमन-चैन व तरक्की के लिए दुआएं की गई। मौलाना मोइनुद्दीन ने माहे रमजान और नमाजे तरावीह की अहमियत पर रोशनी डाली। यहां समाजसेवी फजलुर्रहमान, जान मोहम्मद, शब्बीर बाबू आदि मौजूद रहे।

**समस्या** अस्पताल की ओपीडी में पेट के अधिक पहुंच रहे मरीज, डॉक्टर बोले, खाने-पीने में बरतें सावधानी

# अजीनोमोटो के अधिक सेवन से बढ़ रहे पेट के मरीज

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर की अधिकांश दुकानों में फास्ट फूड, चाउमीन, बर्गर की दुकानें हैं। जहां दुकानदार मिलावटी सामग्री की धड़ल्ले से बिक्री कर रहे हैं। उसी का सेवन कर लोग पेट की बीमारी का शिकार हो रहे हैं। सोमवार को पीएचसी में ओपीडी के दौरान पेट के अधिक मरीज पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उनका परीक्षण कर उन्हें दवाइयां दी। वहीं सर्दी, जुकाम, बुखार के मरीजों की संख्या अधिक रही।

सोमवार को राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सुबह नौ बजे से ही मरीज पहुंच गये। जहां मरीजों ने पर्चा बनवाया। जिसके बाद ओपीडी के लिये लाइनों में लग गये। जहां मौजूद पीएचसी प्रभारी डा. रवि सचान, डा. रश्मि वर्मा, डा. शिप्रा झा ने मरीजों की ओपीडी की। इस दौरान सर्दी, जुकाम, बुखार के अधिक मरीज पहुंचे। जहां सोमवार को सबसे अधिक पेट के मरीज पहुंचे। जहां मरीजों में पेट साफ न होना, पेट में हल्का दर्द के साथ ही पेट से जुड़ी अन्य बीमारियों की दवाएं लेने पहुंचे। प्रभारी ने बताया कि वर्तमान समय में फास्ट फूड या जंक फूड युवाओं व बच्चों की पहली च्वाइस बन गया है। यही शौक सेहत के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। सबसे अधिक परेशानी का कारण फास्ट फूड में डाला जाने वाला अजीनोमोटो है। अजीनोमोटो का सेवन करने से लोगों में तरह-तरह की बीमारियां पनप रहीं हैं। इसके बावजूद लोग इसका सेवन करना बंद नहीं कर रहे हैं। जिसे लोगों में पेट के अलावा अन्य समस्याएं बढ़ रहीं हैं।





अस्पताल में लगी मरीजों की लाइन। ओपीडी में मरीज देखतीं डॉ. रश्मि वर्मा। अमृत विचार

**फास्ट फूड से यह होती हैं बीमारियां**

डॉक्टरों ने बताया कि अधिक फास्ट फूड खाने से सिरदर्द होना, दिल की धड़कन बढ़ना, बेचैनी होना, अत्यधिक पसीना आना, त्वचा पर रैशेज, अनिद्रा, सीने में दर्द, हमेशा कुछ खाने का मन करना, कानों में सिहरन उठना, चेहरे में सूजन आ जाते हैं।

**इन चीजों को खाने से बचें**

प्रभारी ने बताया कि स्ट्रीट स्टॉल पर बने पिज्जा, मेमोज, स्प्रिंग रोल, चिली पटैटो, हनी पटैटो, फिंगर चिप्स, चाउमीन, बर्गर, अधिक तेल मसाले और मिर्च, मैदा से बनने वाले खाने का परहेज, सॉफ्ट ड्रिंक्स का प्रयोग न करें। नहीं तो यह स्वास्थ्य के लिये हानिकारक हो सकता है।

# संचारी रोग नियंत्रण को लेकर चलाया अभियान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सोमवार को पालिका प्रशासन के निर्देश पर सफाई कर्मियों की फौज वार्ड नंबर सात ऋषि नगर मोहल्ले में पहुंची। जहां सफाई कर्मियों ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत साफ सफाई कराई गई। इसके साथ ही नाला नालियों की साफ सफाई कर सिल्ट उठाने का काम किया। वहीं शाम के समय मच्छरों को देखते हुये फागिंग भीर कराई गई।

शासन के निर्देश पर 12 मार्च से 11 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये पहले दिन सोमवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला की देखरेख में सफाई कर्मियों ने वार्ड नंबर सात ऋषि नगर पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने झाडू लगाने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया। इसके साथ ही गलियों में पड़ी सिल्ट को उठाने का काम किया। वहीं मच्छरों की भरमार को देखते हुये सभी गलियों में फागिंग कराई गई। ईओ ने बताया कि इसी तरह 11 अप्रैल तक बराबर अभियान चलाया जायेगा।



ऋषि नगर में एंटी लार्वा का छिड़काव करते पालिका कर्मी।

### विवाद में महिला से छेड़खानी, रिपोर्ट

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला के प्लाट पर कुछ लोगों ने जबरन कब्जा करने का प्रयास किया। जिसका उसने विरोध किया। आरोप है कि बदनियति से उसका हाथ पकड़कर खींचा, लेकिन शोर मचाने पर सभी लोग भाग निकले। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थानाक्षेत्र में रहने वाली महिला ने गंगाघाट पुलिस को तहरीर दी कि उसका गड़रियन पीपर खेड़ा में एक प्लाट है, जिस पर लोग कब्जा करना चाहते हैं। रविवार को वे लोग आए और जेसीबी से तोड़फोड़ की, विरोध करने के दौरान उसे बदनियती से पकड़ लिया। पीड़िता की तहरीर पर पीपरखेड़ा निवासी चंदन, ब्रह्मनगर निवासी विमल पांडेय, ऋषि नगर निवासी आकाश तिवारी उर्फ राम, डेरा पीपरखेड़ा निवासी कुंवरपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

